**खबर संक्षेप**

## राधे राधे ग्रुप महिलाओं को प्रोत्साहित लगाएगी प्रदर्शनी

**सौंसर।** नगर के सरस्वती मंगल कार्यालय सौसर में दो दिवसीय प्रदर्शनी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा,राधे राधे ग्रुप की ओर से आयोजित एग्जिबिशन प्रदर्शनी में महिलाओं के स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने की पहल है, राधे राधे ग्रुप सौसर द्वारा दो दिवसीय प्रदर्शनी 2 अगस्त से लगाई जाएगी,हाल ही में श्वेता बागानी के निवास पर हुई बैठक में सर्वसम्मति से दो दिवसीय प्रदर्शनी लगाने का निर्णय लिया गया था, इसके बाद में अब एग्जिबिशन प्रदर्शनी को लेकर राधे-राधे ग्रुप की महिलाओं के द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है,एग्जीबिशन कार्यक्रम के दौरान प्रथम दिन प्रदर्शनी शुभारंभ के अलावा प्रतियोगिताएं और बच्चों के लिए गेम होंगे। दुसरा दिन फ्रेंडशिप-डे विशेष होगा। बैठक में प्रियंका बागनी, मोनिका भट्ट, डॉ. नेहा भड, ज्योति डंगरा, गायत्री डागा एवं ग्रुप की सदस्य उपस्थित थी। श्वेता 'बागानी ने बताया कि प्रदर्शन में महिलाएं स्वयं द्वारा तैयार की जानी वाली वस्तुएं, खाद्य एवं अन्य सामग्री शामिल करेंगी। राधे-राधे ग्रुप के द्वारा आयोजन की सफलता के लिए प्रयास किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने किया किसान की मक्का फसल का निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने मंगलवार को तहसील बिछुआ में निवासरत प्रगतिशील किसान श्री आत्माराम धारे के खेत का भ्रमण कर मक्का की फसल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने खेत में खड़ी फसल की स्थिति, बुवाई की तकनीक तथा उर्वरकों के उपयोग संबंधी जानकारी ली। श्री आत्माराम ने बताया कि उन्होंने वैज्ञानिक पद्धति से मक्का की बुवाई की है, जिससे फसल की गुणवत्ता अच्छी है एवं फसल उत्पादन में वृध्दि होने की पूर्ण संभावना है। कलेक्टर श्री सिंह ने किसान की मेहनत और उन्नत खेती की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कृषि पद्धति अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणादायक है। उन्होंने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ऐसे प्रगतिशील किसानों के अनुभवों को अन्य किसानों तक पहुंचाएं।

### ग्रामवासियों ने परिजनों सहित सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के बाहर किया मौन धरना प्रदर्शन

# मेडम ने दिव्यांग बच्ची के दागे दोनों हाथ!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

**जिला मुख्यालय में मंगलवार को मानवता को शर्मसार करने वाली एक तस्वीर सामने आई जहां पर एक दिव्यांग मासूम को गरम वस्तु से चटके देने का मामला सामने आया है।**






जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समीप स्थित सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास एक गंभीर विवादों के घेरे में आ गया है। यहां रह रही 10 वर्षीय दिव्यांग बालिका सृष्टि ने छात्रावास की महिला कर्मचारी पर शारीरिक उत्पीड़न का सनसनीखेज आरोप लगाया है।

बच्ची ने बताया कि एक धार्मिक धागा हाथ में बंधा होने के कारण जब उसने उसे काटने से मना किया, तो छात्रावास में पदस्थ मैडम पाटिल ने गरम वस्तु से उसके दोनों हाथ दाग दिए। परिजनों के अनुसार, यह धागा बच्ची को बीमारी से बचाव के लिए, धार्मिक आस्था के तहत बांधा गया था और उसे काटने से मना किया गया था। बच्ची जब इस बात को लेकर मैडम से निवेदन कर रही थी, तभी यह हिंसक कृत्य किया गया। 10 साल की मासूम सृष्टि नेत्रहीन तो है ही साथ ही चार माह पहले ही उसके पिता का देहांत हो चुका है। सृष्टि की मां भी विकलांग है। ऐसे गरीब और मजबूर परिवार पर यह अमानवीय व्यवहार प्रशासन के लिए भी चुनौती बन गया है। आखिरकार किस मकसद से मेडम ने यह कृत्य कर दिया। घटना के बाद परिजन उसे हॉस्टल से वापस चौरई ब्लॉक के लिखड़ी गांव ले गए, जहां बच्ची ने आपबीती बताई। उसके हाथों पर जलने के स्पष्ट निशान देखे गए और परिजनों का कहना है कि घटना से बच्ची का मानसिक संतुलन भी प्रभावित हुआ है।इस गंभीर प्रकरण को लेकर परिजनों और ग्रामवासियों ने सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के बाहर मौन धरना दिया और जिला प्रशासन से सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास में दिव्यांग बच्चों के साथ अमानवीयता का आरोप लगाते हुए परिजनों ने विरोध प्रदर्शन कर सख्त कार्रवाई की मांग की। उधर, आरोपी महिला कर्मचारी मैडम पाटिल ने सभी आरोपों को बेबुनियाद बताते हुए कहा कि बच्ची जानबूझकर झूठी कहानी बना रही है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या छात्रावासों में रह रहे बच्चों की सुरक्षा और देखरेख सिर्फ कागजों तक सीमित रह गई है। क्या विशेष आवश्यकता वाले (दिव्यांग) बच्चों के लिए कोई प्रभावी निगरानी प्रणाली मौजूद है। यह मामला ना केवल सीडब्ल्यूएसएन हॉस्टल की कार्यप्रणाली, बल्कि जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग की जवाबदेही पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। जांच की मांग के साथ, अब यह देखना अहम होगा कि प्रशासन इस प्रकरण को कितनी संवेदनशीलता और पारदर्शिता से संभालता है।

# वॉश ऑन व्हील नवाचार अब पूरे प्रदेश में होगा लागू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

राज्य स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मध्यप्रदेश द्वारा प्रदेश के सभी जिलों में वॉश ऑन व्हील (WOW) नवाचार लागू किए जाने की दिशा में प्रारंभिक गतिविधियों के क्रियान्वयन के निर्देश जारी किए गए हैं। यह अभिनव पहल पहले छिंदवाड़ा जिले में सफलतापूर्वक लागू की गई थी, जिसे अब प्रदेशव्यापी स्वरूप दिया जा रहा है।इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित घरेलू, संस्थागत एवं सामुदायिक शौचालयों की ऑन-स्पॉट सफाई सुनिश्चित करना है।




इसके लिए आधुनिक मैकेनिकल तकनीक से युक्त सफाई किट का उपयोग किया जाएगा। योजना के संचालन हेतु जिलेवार स्वच्छता साथियों का चिन्हांकन किया जाएगा। ये साथी महिला स्व-सहायता समूहों की सदस्याएं या ऐसे इच्छुक महिला/पुरुष हो सकते हैं, जिनके पास ऑन-साइट सेवा देने हेतु दो-पहिया वाहन उपलब्ध हों।स्वच्छता साथी अपने ग्राम से 5 से 10 किलोमीटर की परिधि में आने वाले गांवों के क्लस्टर में सेवा देंगे। इस दायरे में आने वाले गांवों की सूची तैयार कर क्लस्टर निर्धारण किया जाएगा, ताकि सेवा क्षेत्र स्पष्ट हो सके।इसके साथ ही, स्वच्छ एमपी पोर्टल पर एक ऑनलाइन मैनेजमेंट सिस्टम विकसित किया जा रहा है, जिसमें डिमांड जनरेशन, बुकिंग एवं ऑनबोर्डिंग की सुविधा शामिल होगी। मोबाइल एप के माध्यम से यह सेवा जनसामान्य को सुलभ होगी।राज्य मिशन संचालक दिनेश जैन ने समस्त जिला पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि योजना की सफलता हेतु आवश्यक प्रारंभिक गतिविधियाँ शीघ्र पूर्ण की जाएँ, ताकि पोर्टल उपलब्ध होते ही प्रविष्टियों एवं मैपिंग की कार्यवाही तुरंत की जा सके।₹वॉश ऑन व्हील₹ नवाचार ग्रामीण स्वच्छता व्यवस्था को सशक्त बनाने के साथ-साथ स्वच्छता से जुड़ी नई आजीविका संभावनाओं को भी जन्म देगी।

## कलेक्टर ने किया तहसील न्यायालय चौरई का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने मंगलवार को तहसील न्यायालय चौरई का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालयीन कार्यप्रणाली, प्रकरणों की सुनवाई और उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तहसीलदार को निर्देशित किया कि शासन के नवीन दिशा-निर्देशों के अनुसार अब तहसील न्यायालय प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुले रहते हैं, ऐसे में पहले की तुलना में अब अधिक प्रकरणों की सुनवाई सुनिश्चित की जाए। इसके लिये कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न निर्देश दिये, जिसके अनुसार न्यायालय के बाहर कॉज लिस्ट अनिवार्यतः चस्पा की जाये, न्यायालय प्रतिदिन प्रातः 10.30 बजे से प्रारंभ किए जाये । अनुपस्थित पक्षकारों को पुनः 02.00 बजे पुकारा लगवाया जाये, उसके बाद पुनः 04.00 बजे अंतिम पुकारा लगवाया जाये, अंतिम पुकारा में भी पक्षकार अनुपस्थित होने के बाद एकपक्षीय कार्यवाही की जाये, न्यायालयों में प्रतिदिन प्रकरण लगाए जाने की अधिकतम संख्या 100 प्रकरण प्रतिदिन तक बढ़ाई जाये, किसी भी न्यायालय में अपंजीकृत प्रकरण न हों, अधिक से अधिक प्रकरणों में निराकरण किया जाकर डिस्पोजल किया जाये।

## रक्षाबंधन पर जेल में बंदियों से मुलाकात करने संबंधी निर्देश जारी

**छिन्दवाड़ा।** अधीक्षक जिला जेल छिन्दवाड़ा प्रतीक कुमार जैन ने बताया कि 09 अगस्त 2025 शनिवार को रक्षाबंधन के अवसर पर जिला जेल छिन्दवाडा में परिरूद्ध बंदियों को प्रातः 08:30 बजे से 02 बजे तक ₹विशेष मुलाकात प्रदाय की जायेगी। मुलाकात के लिये विभिन्न निर्देश प्रसारित किये गये हैं, जिसके अनुसार विशेष मुलाकात के लिये बंदी भाईयो से मिलने वाली बहिनों एवं बंदी बहिनों से मिलने वाले भाईयों तथा उनके साथ आने वाले 06 वर्ष तक के बच्चों को ही प्रवेश दिया जायेगा, अन्य परिजनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। मुलाकात की अवधि अधिकतम 10 मिनट रहेगी। (भीड़ बढ़ने की स्थिति में समय परिवर्तन किया जा सकेगा) मुलाकात पर आने वाली सभी बहिन/भाई अपने साथ स्वयं के आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र की छायाप्रति अनिवार्य रूप से लायें, पहचान पत्र न होने पर मुलाकात करने नहीं दी जायेगी।

### पांच लाख से अधिक का लगाया अर्थदंड

# चैक बाउंस के मामले में सजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा



न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी छिंदवाड़ा श्रीमती नंदिनी उईके द्वारा दिनांक 24 जुलाई को चैक बाउंस के प्रकरण में निर्णय पारित करते हुए अभियुक्त प्रतीक गायकवाड पिता श्री सुधाकर गायकवाड, निवासी चंदनगांव, नागपुर रोड छिंदवाड़ा को चार लाख रुपए चैक की राशि तथा ब्याज के रूप में अतिरिक्त एक लाख संतानवे हजार चार सौ रुपए ऐसे कुल पांच लाख संतयानवे हजार चार सौ रुपए की राशि परिवादी आवेदक बादल साहू पिता स्व.श्री विनोद साहू ,निवासी पुराना छापाखाना छिंदवाड़ा को भुगतान करने तथा कारावास की सजा से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है।

न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी छिंदवाड़ा श्रीमती नंदिनी उईके द्वारा दिनांक 24 जुलाई को चैक बाउंस के प्रकरण में निर्णय पारित करते हुए अभियुक्त प्रतीक गायकवाड पिता श्री सुधाकर गायकवाड, निवासी चंदनगांव, नागपुर रोड छिंदवाड़ा को चार लाख रुपए चैक की राशि तथा ब्याज के रूप में अतिरिक्त एक लाख संतानवे हजार चार सौ रुपए ऐसे कुल पांच लाख संतयानवे हजार चार सौ रुपए की राशि परिवादी आवेदक बादल साहू पिता स्व.श्री विनोद साहू ,निवासी पुराना छापाखाना छिंदवाड़ा को भुगतान करने तथा कारावास की सजा से दंडित किए जाने का निर्णय पारित किया गया है।

मामला यह है कि अभियुक्त प्रतीक गायकवाड द्वारा मांगे जाने पर परिवादी बादल साहू द्वारा प्रतीक को माह अगस्त 2019 में नगद हाथ उधार राशि 4 लाख रुपए प्रदान किए गए थे प्रतीक ने राशि एक माह में लौटने का वचन दिया गया था। एक माह में राशि प्रतीक ने नहीं लौटाई तो परिवादी बादल के राशि वापस मांगने पर प्रतीक द्वारा बादल को एक चैक चार लाख रुपए का 11/12/2019 का प्रदान किया । चैक बैंक में प्रस्तुत करने पर बैंक द्वारा खाते में राशि नहीं होने के कारण अनादृत कर दिया गया।

परिवादी द्वारा अधिवक्ता के माध्यम से आरोपी प्रतीक को नोटिस भेजा गया जो ताला बंद होने से वापिस प्रेषक को लौटा दिया गया। समय सीमा में आवेदक द्वारा प्रतीक के विरुद्ध चैक बाउंस होने के कारण एक परिवाद छिंदवाड़ा न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी छिंदवाड़ा द्वारा विचरण उपरांत साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त प्रतीक को दोषी पाया गया।

आरोपी को कारावास एवं चैक की राशि मय ब्याज के कुल 5,97,400=00 रुपए अभियुक्त द्वारा परिवादी को प्रदान किए जाने के आदेश पारित किए गए।परिवादी बादल साहू की ओर से अधिवक्ता अजय पालीवाल द्वारा पैरवी की गई।

## नाबालिग युवती के अपहरण की शिकायत

**छिंदवाड़ा।** कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले परिवार ने अपनी 15 साल की नाबालिग बच्ची के अपहरण की शिकायत पुलिस अधीक्षक अजय पांडे से की है। इस मामले में एसपी ने शिकायत के निराकरण का आश्वासन दिया है। बताया जा रहा है कि कोतवाली थाना क्षेत्र में रहने वाले परिवार ने शिकायत की है कि प्रार्थी ड्राइवर का काम करता है, उनकी नाबालिग बेटी का अपहरण कर लिया गया है। प्रार्थी ने गोरेगांव निवासी युवक पर अपहरण के गंभीर आरोप लगाए हैं जिसकी शिकायत पूर्व में कोतवाली थाने में भी की गई, लेकिन कोतवाली थाना पुलिस ने मामले को गंभीरता से निराकरण नहीं किया। बच्ची की तलाश को लेकर स्वजन खासे परेशान हैं और कई प्रकार की आशंका व्यक्त कर रहे हैं, बच्ची नाबालिग होने के बाद भी पुलिस द्वारा तत्परतापूर्वक कार्रवाई नहीं करना कई सवाल खड़े कर रहा है।

## चौरसिया दिवस के रूप में मनाया गया नागपंचमी पर्व

**सिंगोड़ीः-** सिंगोड़ी में चौरसिया समाज ने मंगलवार को नागपंचमी पर्व को 'चौरसिया दिवस' के रूप में मनाया। सिंगोड़ी चौरसिया समाज के अध्यक्ष योगेश चौरसिया ने बताया कि इस दिन समाज के लोग वर्षो पुरानी परंपरा के अनुसार नागबेल महाराज की पूजा अर्चना करते है। वही हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सिंगोड़ी चौरसिया समाज द्वारा महादेव नागदेव मंदिर में नागदेव भगवान की पूजा पाठ कर कढ़ाई चढ़ाकर हलवा का प्रसाद चढ़ाया और महाआरती कर प्रसाद का वितरण किया गया दिन भर महिलाओं ने रामायण का पाठ किया और सभी ने अपनी अपनी मनोकामनाओं को मांगा। समाज के लोगों द्वारा इस अवसर पर स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई , हैं जिनमें खो खो कबड्डी वन मिनिट शो के साथ कुर्सी दौड़ प्रतियोगिताओं सहित अन्य गतिविधि का आयोजन किया गया एवं नागपंचमी महोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सुबह 9 बजे से नागबेल पूजन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई इसके बाद समाज के वरिष्ठ बुजुर्ग अतिथियों का स्वागत सत्कार किया गया। समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया एवं पुरस्कार का वितरण किया गया।इस अवसर पर चौरसिया समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे और नागपंचमी पर्व को चौरसिया दिवस के रूप में मनाया गया।



# मनरेगा में भ्रष्टाचारः रोजगार सहायक लगा रहे मजदूरों की फर्जी हाजिरी

**जिम्मेदार बने अंजान, ग्राम पंचायत मोरखा में मनरेगा के नाम पर हो रहा जमकर भ्रष्टाचार, बिना सीआईबी बोर्ड लगाये सिर्फ कागजों में हो रहा कार्य**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

सरकार एक तरफ जहां भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए जिरोटालरेंस की निति पर काम करने की बात कर रही है। वहीं दूसरी तरफ ब्लाक मुख्यालय चौरई में कार्यरत जिम्मेदार अधिकारियों के मिली भगत से सरकार की महत्वाकांक्षी मनरेगा योजना जमीनी धरातल पर उतरने से पहले ही भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ रही है।

गांव के मजदूरों को गांव में ही रोजगार उपलब्ध कर मजदूरों को दूसरे प्रदेश में पलायन से रोकने के लिए चलाई जा रही मनरेगा योजना जिम्मेदारों के चलते भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गई है। ग्राम सरपंच , रोजगार सहायक , पंचायत सचिव जिनके द्वारा इस योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

चौरई विकास खंड के ग्राम पंचायत मोरखा गांव में मनरेगा योजना में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है.। आवास योजना व अन्य कार्य के नाम पर करीब छः दर्जन से



अधिक लोगों की फोटो से फोटो की फर्जी हाजिरी लगाई जा रही है।जब इसकी जमीनी स्तर पर पड़ताल की गई तो मनरेगा योजना में हो रही भ्रष्टाचार की कलई परत दर परत खुलकर सामने आने लगी है।

सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार जो गांव में कभी साइड पर नहीं जाते हैं ।उनके नाम से साइड पर कार्य करते हुए आनलाइन मास्टरोल में हाजिरी लगा दी जाती है।. ग्राम पंचायत में नियुक्त रोजगार सहायक बीरबल चंद्रवंशी द्वारा बिना साइड पर गए एमबी कर दी जाती हैं, मजदूरों के खाते में पैसे भेज कर निकलवा लिया जाता है।. जिसमें दो चार सौ रुपए उन मजदूरों को पैसे दे दिए जाते है, जिनको मनरेगा मजदूर बनाया गया और वो कभी साइड पर नहीं जाते हैं।सबसे बड़ी बात हैं कि मनरेगा योजना से हो रहें कार्यों में कहीं भी कार्य स्थल पर कार्य शुरू होने और समाप्ति तक डिस्पले बोर्ड नहीं लगता है ।

डिस्पले बोर्ड तब लगाया जाता जब उस परियोजना का कागजी आंकड़ों में काम होकर पेमेंट हो जाता. ताकि ग्रामीणों को इसकी जानकारी न होने पाएं की इस सड़क पर मिट्टी कार्य हो रहा है ।और कितने मजदूर काम कर रहें हैं। और कितने मजदूरों का फर्जी हाजिरी लगाकर पेमेंट कराया जा रहा है। इसमें सबसे बड़ी समस्या उन मजदूरों को हो रही है,जो वास्तविक मजदूर हैं और उनको रोजगार नहीं मिल पा रहा. इस समय मनरेगा योजना में सरकारी धन का बंदरबाट खूब हो रहा है। उक्त संबंध में चौरई एस डी एम को ग्रामीण द्वारा लिखित शिकायत देकर उचित जाँच कर दोषियो पर कार्यवाही की मांग की गई है।

**इनका कहना है**

मुझे शिकायत प्राप्त हुई है। जांच कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराकर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

**प्रभात मिश्रा**, एसडीएम चौरई

# स्वच्छता अभियान को मिलेगा नया बलः महापौर

**आकाशवाणी एवं नगर निगम की संयुक्त पहल**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

आकाशवाणी छिन्दवाड़ा के वरिष्ठ अधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम महापौर विक्रम अहके से शिष्टाचार भेंट की। इस प्रतिनिधिमंडल में अमोल देशपांडे (एडिशनल डायरेक्टर इंजीनियरिंग एवं नोडल अधिकारी), श्रीमती अल्पना अर्जुनवार (पैक्स एवं हेड ऑफ द प्रोग्राम), दीपांकर तिवारी (ट्रैक्स प्रोग्राम सेक्शन), तथा श्रीमती गीतांजलि गीत शामिल थे। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य शहर के नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने तथा चल रहे स्वच्छता अभियान को जन-सहभागिता के माध्यम से और अधिक प्रभावशाली बनाने के उपायों पर चर्चा करना था। बैठक के दौरान यह सहमति बनी कि आकाशवाणी के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से शहरवासियों को स्वच्छता, कचरा प्रबंधन, और पर्यावरण संरक्षण के प्रति और जागरूक किया जाएगा। जन-जागरूकता अभियानों, जिंगल व लोक कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेश व्यापक रूप से प्रसारित किया जाएगा।

श्री अहके ने आकाशवाणी की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि, स्वच्छता सिर्फ नगर निगम की नहीं, बल्कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है। मीडिया का सहयोग इस अभियान में एक सकारात्मक बदलाव ला सकता है। इस पहल से उम्मीद की जा रही है कि स्वच्छ भारत मिशन और नगर निगम की योजनाओं को और अधिक जनसहयोग प्राप्त होगा।

## नवांकुर सखीयों ने नांदना में निकाली कलश यात्रा

**दमुआ।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद जुन्नारदेव की नवांकुर संस्था ग्राम विकाश प्रस्फूटन समिति नांदना परिवर्तित संस्था जन मानस सामाजिक विकास संस्थान नांदना के द्वारा अपने आदर्श ग्राम नांदना सेक्टर क्रमांक 4 के द्वारा ब्लाक समन्वयक संजय कुमार बामने जी की उपस्थिति मे 51 कलश नवांकुर सखीयो के द्वारा ढोल बाजे के साथ पूरे ग्राम वासियो ने धूम धाम से ग्राम मे कलश यात्रा निकालकर दिया। हरियाली महोत्सव का संदेश इस कलश यात्रा मे लगभग 100 सखियो ने भाग लिया नवांकुर संस्था के द्वारा नवांकुर सखियो को 11-11 फलदार पौधों का वितरण किया गया साथ ही बताया गया की इन पौधे का उपयोग विवाह ,या जन्म दिवस के उपलक्ष्य या महापुरुषों की जयंती में यादगार के रूप मे रोपित करने हेतु बताया गया।



### भारत में करीब 3682 जिसमें सर्वाधिक 785 बाघ है मध्यप्रदेश में

# बाघ दिवस : पेंच रिजर्व पार्क में बाघ की दहाड़ बरकरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस मध्यप्रदेश के लिये विशेष महत्व रखता है। बाघों के अस्तित्व और संरक्षण के लिये प्रदेश में जो कार्य हुए है, उसके परिणाम स्वरूप आज मध्यप्रदेश में बाघ की दहाड़ बरकरार है अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे अधिक बाघ मध्यप्रदेश में है, यह न सिर्फ मध्यप्रदेश बल्कि भारत के लिये भी गर्व की बात है।

वर्ष 2022 में हुई बाघ गणना में भारत में करीब 3682 बाघ की पुष्टि हुई, जिसमें सर्वाधिक 785 बाघ मध्यप्रदेश में होना पाये गये। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की संवेदनशील पहल के परिणाम



स्वरूप बाघों की संख्या में वृद्धि के लिये निरंतर प्रयास हो रहे हैं। बाघ रहवास वाले क्षेत्रों के सक्रिय प्रबंधन के फलस्वरूप बाघों की संख्या में भी लगातार वृद्धि हो रही है। मध्यप्रदेश के कॉरिडोर उत्तर एवं दक्षिण भारत के बाघ रिजर्व से आपस में जुड़े हुए हैं। प्रदेश में बाघों की संख्या बढ़ाने में राष्ट्रीय उद्यानों के बेहतर प्रबंधन की मुख्य भूमिका है। राज्य शासन द्वारा जंगल से लगे गांवों का विस्थापन किया जाकर बहुत बड़ा भूभाग जैविक दवाब से मुक्त कराया गया है। संरक्षित क्षेत्रों से गांव के विस्थापन के फलस्वरूप वन्य प्राणियों के रहवास क्षेत्र का विस्तार हुआ है।

कान्हा, पेंच और कूनो पालपुर के कोर क्षेत्र से सभी गांवों को विस्थापित किया जा चुका है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व का 90 प्रतिशत से अधिक कोर क्षेत्र भी जैविक दबाव से मुक्त हो चुका है। विस्थापन के बाद घांस विशेषज्ञों की मदद लेकर स्थानीय प्रजातियों के घास के मैदान विकसित किये गये हैं, जिससे शाकाहारी वन्य प्राणियों के लिये वर्षभर चारा उपलब्ध होता है। संरक्षित क्षेत्रों में रहवास विकास कार्यक्रम चलाया जाकर सक्रिय प्रबंधन से विगत वर्षों में अधिक चीतल की संख्या वाले क्षेत्र से कम संख्या वाले चीतल विहीन क्षेत्रों में सफलता से चीतलों को स्थानांतरित किया गया है।

इस पहल से चीतल, जो कि बाघों का मुख्य भोजन है, उनकी संख्या में वृद्धि हुई है और पूरे भूभाग में चीतल की उपस्थिति पहले से अधिक हुई मध्यप्रदेश में बाघ की दहाड़ बरकरार है।राष्ट्रीय उद्यानों के प्रबंधन में मध्यप्रदेश शीर्ष पर मध्यप्रदेश ने टाइगर राज्य का दर्जा हासिल करने के साथ ही राष्ट्रीय उद्यानों और संरक्षित क्षेत्र के प्रभावी प्रबंधन में भी देश में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को यूनेस्को की विश्व धरोहर की संभावित सूची में शामिल किया गया है।

केन्द्र सरकार द्वारा जारी टाइगर रिजर्व के प्रबंधन की प्रभावशीलता मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार पेंच टाइगर रिजर्व ने देश में सर्वोच्च रेंक प्राप्त की है। बांधवगढ़, कान्हा, संजय और सतपुड़ा टाइगर रिजर्व को सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन वाले रिजर्व माना गया है। इन राष्ट्रीय उद्यानों में अनुपम प्रबंधन योजनाओं और नवाचारी तरीकों को अपनाया गया है।बाघों के संरक्षण की पहलराज्य सरकार बाघों के संरक्षण के लिये कई पहल कर रही है।

### थाना नवेगांव, जुन्नारदेव, परासिया, लावाघोघरी, रावनवाड़ा, अमरवाड़ा में किया जागरूक

# पुलिस ने चलाया नशे से दूरी है जरूरी विषय पर जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार 15 से 30 जुलाई तक "नशे से दूरी है जरूरी" विषय पर जिले में विशेष जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। पुलिस मुख्यालय व्दारा नारकोटिक्स शाखा के माध्यम से पूरे प्रदेश में नशामुक्ति जनजागृति अभियान चलाये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं , निर्देशों के परिपालन में जिला छिंदवाड़ा में पुलिस अधीक्षक अजय पांडेय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता के मार्गदर्शन में प्रदेश स्तरीय 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के अंतर्गत प्रत्येक थाना क्षेत्र में स्थानीय खेल कोच के माध्यम से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन कर नशामुक्ति का संदेश दिया जाकर




हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर कराए गए।

खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से जन जागरूकता संदेश कार्यक्रम का आयोजन कर नशामुक्ति की शपथ दिलाकर किया गया सघन प्रचार प्रसार हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से लिया गया नशामुक्ति का संकल्प आज दिनांक 28.07.2025 को जिला छिंदवाड़ा में आयोजित किए गये कार्यक्रमों की जानकारी इस प्रकार है जिला मुख्यालय स्तर पर स्थानीय ओलंपिक स्टेडियम में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, महापौर छिंदवाड़ा श्री विक्रम आहके, जिला खेल अधिकारी केके चौरसिया की उपस्थिति। में लगभग 180 प्रतिभागियों के मध्य कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**थाना परासिया** अंतर्गत ₹नशे से दूरी है जरूरी₹ नशामुक्ति जनजागृति अभियान दिनांक 15.07.25 से 30.07.2025 में आज 29.07.2025 को थाना परासिया थानाप्रभारी श्री संजय भलावी एव थाना स्टाफ के द्वारा स्थानीय कोच राहुल यादव के साथ 22 **athletics** को ग्राम खिरसाडोह में नशे के बारे में जागरूक किया गया व नशे के विरूद्ध जन-जागरूकता के लिये चलाये जाने वाले विशेष अभियान ₹नशे से दूरी है जरूरी ₹ जागरूक कराया व दुष्प्रभाव के बारे मे बताया गया एवं नशा मुक्त समाज एवम नशा मुक्त प्रदेश के बारे में जागरूक किया गया नशा मुक्ति केंद्र के टोल फ्री नंबर के बारे में बताया गया। नशा के विरुद्ध जागरूकता के लिए शपथ दिलाई गयी आयोजन मे कुल लगभग लोगो को जागरूक किया गया।

उक्त प्रतियोगिता के माध्यम से, उपस्थित आम जनों को नशामुक्ति का संदेश दिया गया , एवं नशा मुक्ति शपथ दिलाई गई।

**थाना लावाघोघरी**ः नशे से दूरी है जरूरी₹ अभियान अंतर्गत पुलिस एवं जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में पुलिस थाना लावाघोघरी के अंतर्गत ग्राम लावाघोघरी के शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ नशामुक्ति अभियान थाना प्रभारी के नेतृत्व में विद्यार्थीयो को खेल प्रतियोगिता के माध्यम से नशा मुक्ति के संबंध में समझाया गया व कार्यक्रम के अंत में थाना प्रभारी द्वारा नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई एव हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कराए।
**थाना जुन्नारदेव**ः थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ के द्वारा जरूरी अभियान के अंतर्गत नशा से दूर रहने हेतु नंदलालसूद उत्कृष्ट विद्यालय जाकर खेल प्रतियोगिता के मध्यम से जागरूक किया गया एवं विद्यार्थीयो को नशा मुक्ति की सलाह दी जाकर नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई एवं हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कराए गए। 4 थाना अमरवाड़ा अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमरवाड़ा में जाकर थाना प्रभारी एवं पुलिस स्टाफ के द्वारा स्कूल के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के संबंध में समझाइए मानस हेल्पलाइन मान्यता एवं टोल फ्री नंबरों के विषय में जानकारी देकर सभी से हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कराए गए।
**थाना नवेगांव**ः थाना प्रभारी व थाना स्टाफ के द्वारा बालक छात्रावास जाकर खेल प्रतियोगिता के मध्यम से विद्यार्थियों को नशा मुक्ति के संबंध में समझाइए मानस हेल्पलाइन मान्यता एवं टोल फ्री नंबरों के विषय में जानकारी देकर सभी से हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कराए गए।
**थाना रावनबाड़ा** : थाना प्रभारी कंचन राजपूत के द्वार शिवपुरी खेल मेदान जाकर खिलाड़ियों को नशा मुक्ति के संबंध में समझाइए मानस हेल्पलाइन मान्यता एवं टोल फ्री नंबरों के विषय में जानकारी देकर सभी से हस्ताक्षर अभियान में हस्ताक्षर कराए गए।

## बिगड़ी, लाइफ स्टाइल, खान पान से हो रही बीमारियांः दीप

**सौंसर।** नगर के जायसवाल लॉन में सेहत की पाठशाला की ओर से सेहत का मंत्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया,आयोजन के दौरान 234 महिला पुरुषों युवाओं का बॉडी चैकअप एवं महिलाओं पुरुषों युवाओं में बढ़ती बीपी,शुगर थायराइड,केंसर, बढ़ता मोटापा और उससे हो रही अनेक बीमारियों से हम केसे बच सकते है,वर्तमान में लोगों की बिगड़ी हुई लाइफस्टाइल दूषित खान पान को सुधारने के संबंध में भी जानकारी दी गई,कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ सेहत की पाठशाला फाउंडर दीप सर,के हस्ते किया गया, इस दौरान भावना मेम,नम्रता मेम,अमित सर,राहुल सर,देवेंद्र बागड़े आदि उपस्थित थे,कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेहत की पाठशाला के संस्थापक एवं सुपर सीनियर कोच दीप सर ने कहा वर्तमान परिस्थितियों में हमारा रहन-सहन खानपान एवं लाइफस्टाइल पूरी तरीके से बिगड़ चुकी है,जिसके कारण लगातार देश में बीपी, शुगर,थायराइड, कैंसर,मोटापे के मरीजों में वृद्धि हो रही है, प्रतिदिन बिना कुछ सोचे समझे देखें हम रात दिन बेटॉम,खाए जा रहे हैं,जिसका परिणाम हमें बीमारियों के रूप में देखने को मिल रहा है,मनुष्य जीवन के लिए जीतना जरूरी भोजन व्यायाम है उतनी ही जरूरी नीद है,हमें बीपी,शुगर,थायराइड, मोटापे जैसी बीमारियों से दूर रहने और स्वस्थ सुखी परिवार के लिएखानपान,नींद,स्क्रीन टाइम,दिनचर्या में सुधार करने की आवश्यकता है,आयोजन का दौरान अच्छी सेहत के लिए सेहत की पाठशाला की ओर से योगीराज भगत,मीणा बसोड़, प्रकाश वाघमारे,एकता सोमकुवर, चंदा झाडे,सीमा पासवान,मिलिद बंसोड़,मुकेश बागड़े,श्रीमती शोभा,का स्वागत किया गया,कार्यक्रम का संचालन मुकेश बागड़े ने किया,इस दौरान सेहत की पाठशाला टीम से देवेंद्र बागड़े,चिंदूजी वाहने,मुलीधर कामले,आर्यन कामले,अमित दुफारे,श्रीमती ज्योति दुफारे,विजय शेन्द्रे,योगिता कड़बे,आदि थे।



# कलेक्टर श्री सिंह ने किया बिछुआ भंडारण केंद्र का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिछुआ

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने मंगलवार को मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित के भंडारण केंद्र, बिछुआ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र में यूरिया की उपलब्धता, भंडारण की स्थिति और वितरण व्यवस्था की जानकारी ली। इस अवसर पर कलेक्टर श्री सिंह ने केंद्र में उपस्थित किसानों से भी चर्चा की और उनसे यूरिया वितरण को लेकर फीडबैक प्राप्त किया। किसानों ने वितरण में सुधार की बात कही, जिस पर कलेक्टर श्री सिंह ने आश्वस्त किया कि जिले में निरंतर रैक प्राप्त हो रही हैं और किसानों की जरूरतों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान साथ में उपस्थित कृषि वैज्ञानिक डॉ.राउत द्वारा किसानों को ₹नैनो यूरिया₹ के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि



नैनो यूरिया परंपरागत यूरिया की तुलना में अधिक लाभदायक है। इसकी कम मात्रा में ही बेहतर परिणाम मिलते हैं, जिससे भूमि की उर्वरता भी बनी रहती है और लागत भी कम आती है। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि वे पारंपरिक यूरिया की बजाय नैनो यूरिया को अपनाएं, ताकि उत्पादकता में वृद्धि हो सके। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश दिए कि उर्वरक वितरण में पारदर्शिता रखी जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी न हो। अधिकारीगण ने बताया कि केंद्र में वर्तमान में 53 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध है और शीघ्र ही 225 मीट्रिक टन यूरिया प्राप्त होने वाली है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने स्टॉक पंजी, वितरण रजिस्टर, वाहनों की लोडिंग प्रक्रिया तथा परिसर की साफ-सफाई का भी अवलोकन किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान चौरई एसडीएम श्री प्रभात मिश्रा, उप संचालक कृषि श्री जितेन्द्र कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी भी साथ में थे।

# सांस्कृतिक मिलन समारोहः पेंच क्षेत्र ने फिर लहराया अपने क्षेत्र का झंडा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

वेकोलि में अंतर क्षेत्रीय सांस्कृतिक मिलन समारोह 2025 - 26 नागपुर में आयोजित किया गया ।जिसमें वेकोलि के 10 क्षेत्रों की सांस्कृतिक टीमों से 275 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी विधाओं का परिचय दिया । इस सांस्कृतिक मिलन समारोह में पेंच क्षेत्र के कलाकारों ने महाप्रबंधक अनूप हंजूरा के निर्देशन में अपनी कला का हुनर दिखाते हुए प्रबंधक (एच.आर.) एस.के. डेहरिया , एवम मंगेश मुंदेकर टीम मैनेजर के कुशल नेतृत्व में उपविजेता की ट्राफी अपने नाम की । पेंच क्षेत्र की कव्वाली टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया , बैंजो में विशाल प्रथम , बांसुरी में दिलीप पंद्राम, मणिपुरी नृत्य में मेघा गर्ग प्रथम, ख्याल और ठुमरी में रामस्वरूप पवार ,तबला और गजल में योगेश साहू प्रथम , रवींद्र संगीत में मानस





दास प्रथम , गीत में रघुनंदन शर्मा प्रथम, भारत नाट्यम में डाक्टर राशि शर्मा द्वितीय , लोकगीत में दुर्गा कश्यप , नजरुल गीत में रवि जैन द्वितीय, माउथआर्गन में गोपाल राजपूत द्वितीय, फिल्मी गीत में विनोद मंडलोई तृतीय, डाक्टर डी. शेंडे फिल्मी गीत, सेक्सोफोन में अनूप तायवाड़े कत्थक में हेमलता कोचे ने तृतीय , मिमिक्री में मोहन ठाकुर ने अपना बेहतरीन प्रस्तुती दी । पेंच क्षेत्र के ऑर्केस्ट्रा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर पेंच क्षेत्र को गौरांवित किया । टीम पेंच क्षेत्र के कलाकारों ने रनर की ट्राफी अपने क्षेत्र के मुखिया अनूप हंजूरा , (महाप्रबंधक) , वाय.शशिधर (क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक) , शैलेश कुमार लड्डा (कार्मिक प्रबंधक प्रशासन) को सौंपते हुए आगामी वर्ष में विजेता की ट्राफी दिलाने का विश्वास दिलाया । सांस्कृतिक मिलन समारोह में ओवरआल विनर WCL मुख्यालय तथा रनर-अप पेंच क्षेत्र की टीम रही । पेंच क्षेत्र कल्याण समिति के मंगेश मुंदेकर , तिरुमल राव , रोहीतास वर्मा , अशोक डोंगरे ,अलीम खान के सहयोग से कलाकारों ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया । पेंच क्षेत्र के उमदा प्रदर्शन से सभी प्रतिभागियों को पेंच प्रबंधन एवम समस्त श्रमिक संगठनों ने हार्दिक बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी ।

## संगीतमय सुंदरकांड का किया गया महापाठ

**छिंदवाड़ा।** श्री सुंदरकांड ग्रुप छिंदवाड़ा द्वारा प्रति शनिवार को लोगो के बुलावे पर निः शुल्क संगीतमय सुंदरकाण्ड का महापाठ किया जाता है साथ सामाजिक कार्य भी किये जाते है और ग्रुप द्वारा सुंदरकांड के साथ साथ राम नाप जाप धुन प्रभात फेरी द्वारा भी लोगो को धर्म से जोडा जाता है साथ ही ग्रुप ने रामनवमी में ऐतिहासिक रामजन्मोत्सव एवं नगर सहित संपूर्ण जिले के आसपास के साथ साथ सम्पूर्ण प्रदेश में भी अपनी एक अलग ही पहचान बनायी है । इसी क्रम में ग्रुप द्वारा सावन महापर्व पर श्री देवेश सक्सेना जी के निजनिवास-ग्लैक्सी रेसिडेंसी,छिन्दवाड़ा,जिला छिन्दवाडा मध्यप्रदेश में संगीतमय सुंदरकांड का महापाठ भी किया गया।

## किसानों को समय पर यूरिया का वितरण करें विभाग - राय

**छिन्दवाड़ाः** शिवसेना नेता नितिन राय ने कहा कि विगत कई वर्षो से किसानों को मिलने वाली यूरिया खाद में गडबड़ी देखी जा रही है। जिसके कारण किसानों में भारी असंतोष व्याप्त है। जहॉ पर एक हजार यूरिया खाद पहुंचना चाहिये वहॉ 100 -200 यूरिया खाद की बोरी विभाग पहुंचा रहा हैं जिससे किसानो को पर्याप्त मात्रा में यूरिया नहीं मिल पा रही हैं। शिव सेना ने जिला प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों को इस विषय पर गंभीरता से विचार करते हुये किसानों के हित में पर्याप्त यूरिया खाद वितरण करने की बात कहीं हैं।

## भतीजे की मौत, चाचा के खिलाफ अपराध दर्ज

**कटंगी।** बालाघाट जिले के तिरोड़ी थाने की पुलिस ने एक व्यक्ति की मौत के मामले की जांच करते हुए 1 माह बाद अपराध पंजीबृद्ध कर लिया है. पुलिस ने पुलपुट्टा निवासी 38 वर्षीय सूरज पिता चैतराम गोपाले की मौत के मामले में चाचा होमराज गोपाले के खिलाफ सोमवार की देर रात अपराध दर्ज किया. होमराज गोपाले के विरुद्ध पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106(1), 238 की कार्रवाई की है. पूरा मामला ग्राम हरदोली में खेत तालाब के पास सूरज गोपाले की करंट की चपेट में आने से मौत होने से जुड़ा हुआ है. घटना 26 जून 2025 की है. मिली जानकारी अनुसार 25 जून की शाम सुरज गोपाले अपनी धर्मपत्नी कविता से मोबाइल लेने के लिए बोनकट्टा जाने की बात कहकर घर से निकला था. जो उस दिन देर रात तक अपने घर वापस नहीं आया और उसके मोबाइल पर रिंग जा रही थी लेकिन कोई कॉल रिसीव नहीं कर रहा था. 26 जून की सुबह सूरज के पिता चैतराम और फत्तेचंद खेत की तरफ गए. जहां सूरज का शव खेत तालाब के पास देखा गया था. परिजनों ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस ने शव का पीएम करवाने के बाद जांच शुरू की।

### शिक्षक, नई इमारत के लिए तरस रहा स्कूल बंद होने की कगार पर

# निकायाधीन होने का दंश झेल रहा : महात्मा गांधी शाउमावि

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी 'शिक्षा' को व्यक्ति के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण साधन मानते थे. मगर, बालाघाट जिले के कटंगी विकासखंड में उनके नाम से संचालित हो रहा एक निकायाधीन स्कूल सरकारी सहायता नहीं मिलने की वजह से बंद होने की कगार पर है. अगर, इसे गांधी जी के शब्दों में कहें तो व्यक्ति के विकास का साधन नष्ट हो रहा है. 44 वर्ष पहले प्राइवेट संस्था के तौर पर शुरू हुआ महात्मा गांधी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टेकाड़ी (का.) को सरकार ने वर्ष 2014 में अपने अधीन लेकर निकायाधीन घोषित कर दिया और इसी के साथ कथित तौर पर इस स्कूल के बर्बादी की शुरूआत हो गई. अब यह स्कूल सरकारी मदद नहीं मिलने से बंद होने की कगार पर है. बीते 10 वर्षों में जिला पंचायत और प्रदेश सरकार से इस स्कूल को आर्थिक मदद, सरकारी शिक्षक और नया भवन नहीं मिल पाया है. जिस इमारत में यह स्कूल शुरू से संचालित हो रहा था. उसकी हालत बेहद खराब होने के बाद गांव के ही एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला टेकाड़ी (का) के कुछ कमरों में महात्मा गांधी स्कूल के लिए वैकल्पिक व्यवस्था बनाई गई है. निकायाधीन होने के बाद भले ही इस स्कूल में उन शिक्षकों को प्राथमिकता दी गई थी जो पूर्व से यहां शैक्षणिक कार्य करवा रहे थे लेकिन उनके रिटायर होने के बाद सरकार ने इस स्कूल के रिक्त पदों पर नई



नियुक्तियां नहीं की यहां तक की इस स्कूल में अतिथि शिक्षकों की भर्ती भी नहीं हो पा रही है. प्राइवेट शिक्षकों से न्यूनतम मानदेय पर सेवाएं ली जा रही है. संस्था के प्राचार्य योगराज लिल्हारे बताते है शाला विकास से जो राशि मिलती है उससे प्राइवेट शिक्षकों को मासिक वेतन दिया जाता है लेकिन दर्ज संख्या में लगातार कमी आ रही है वेतन अदा करने के भी लाले पड़े है. शिक्षकों को वेतन देने के लिए अब हर माह बच्चों से मासिक फीस ली जाएगी. जबकि बच्चों का कहना है कि फीस ही दे पाते तो सरकारी स्कूल में पढ़ने क्यों आते...? इन गरीब बच्चों के सवाल लाजमी है और इनके सवालों के जवाब जनता के चुने हुए जनप्रतिनिधि और शिक्षा विभाग के उन अफसरों को देना चाहिए जिनके बच्चे मंहगें प्राइवेट स्कूल में पढ़ रहे है और यहां गरीब के बच्चे का शिक्षक और भवन के अभाव में भविष्य दांव पर लगा हुआ है।

वर्ष 2002 में तत्कालीन मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रदेश के 50 से अधिक अशासकीय स्कूलों को शासनाधीन करते हुए स्थानीय निकाय के प्रशासकीय नियत्रंण में दिया. हालांकि इस आदेश के विरुद्ध कुछ प्राइवेट स्कूल उच्च न्यायालय में पहुंच गए. कोर्ट ने याचिका को निरस्त कर दिया. तब करीब 12 प्राइवेट स्कूलों का संचालन निजी हाथों में ही रहा जबकि प्रदेश के 44 प्राइवेट स्कूल 2014 में निकायाधीन हो गए. कटंगी विकासखंड का महात्मा गांधी और गुरुकुल स्कूल बम्हनी दोनों निकायाधीन हो गए. आज इन दोनों ही स्कूलों की हालत बहुत खराब है. जब सरकार ने इन प्राइवेट स्कूलों को निकायाधीन किया तब ना सिर्फ उनके शिक्षक अधीन हो गए बल्कि स्कूल की इमारत भी उनके अधीन हो गई लेकिन जर्जर होती इमारत पर स्थानीय निकाय ने कोई ध्यान नहीं दिया. परिणाम यह हुआ कि आज महात्मा गांधी स्कूल के 66 विद्यार्थियों और स्टाफ को करीब 02 वर्ष से एकीकृत शासकीय प्राथमिक माध्यमिक शाला की इमारत में पनाह लेनी पड़ी है. यहां एक ही पाली में प्राथमिक से लेकर हाईस्कूल की कक्षाएं संचालित होने से विद्यार्थियों और शिक्षकों को कई तरह की परेशानियां हो रही है।

### इनका कहना है

स्कूल के पास अब प्राइवेट शिक्षकों को मासिक मानदेय देने के लिए फंड नहीं है ऐसे में बच्चों से मासिक शुल्क लेने की तैयारी की गई है. सरकार से स्कूल को कोई मदद नहीं मिल रही है. इमारत जर्जर हो चुकी है. अतिथि शिक्षकों की भर्ती नहीं होती और ना ही अन्य सुविधाएं मिल रही है.

**योगराज लिल्हारे प्राचार्य**

## प्रसिद्ध शिव मंदिर पुरातन के तत्वावधान में रामायण पाठ का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज उकवा।

मोयल नगरी उकवा के प्रसिद्ध शिव मंदिर पुरातन के तत्वधान में स्थानी शिव मंदिर में रामायण पाठ भजन गत दिवस सुंदरकांड सावन माह भर रामायण का आयोजन किया जाता है । गुरुपूर्णिमा के शुभ काल से शुरू किया शिव मंदिर या घरो में जाकर प्रतयेक दिन रामायण एवं सुंदरकांड का पाठ सावन मास में भक्तिमय में किया जा रहा है । श्रीमती उषा गिरे द्वार एक पेड़ मां के नाम लगाने का संदेश सोमवार को मंदिर में तुलसी का पौधा देकर सबका सम्मान किया गया । दुर्गा महिला मंडल श्रीमती रामेश्वरी अग्रवाल, श्रीमती ममता रावल, रूपा अग्रवाल, अनामिका, मनीषा, किरण, मीना, इंदु, रुखुबाई अग्रवाल, छाया चौकसे गिरिजा, ज्योति, ममता, चौकसे, शशि गुप्ता, नीलिमा शिव,वैशाली,वंदना नर्शवानी, रामबती उइके, दुर्गा चंद्रबेल, प्रमीला, पार्वती वरकड़े, शुशीला साहू, मंजू हरदा, श्रीमती उषा गिरे समाज सेवी ग्राम के समस्त भक्तगण अन्य महिलाओ ने इस पुनित कार्य में अपना सहयोग दिया ।

### विद्यालय भवन हुआ जर्जर, मरम्मत की राशि डकार गया शिक्षक

# शिक्षा का खस्ता हाल विद्यालय, मंदिर प्रांगण में लग रहा स्कूल

*शासकीय प्राथमिक शाला चुरली का मामला*

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** बीते दिनों राजगढ़ के सीमावर्ती जिले राजस्थान के झालावाड़ में स्कूल भवन की छत गिरने से सात बच्चों की मौत हो गई और कई बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए थे। यहां के नौनिहाल जर्जर भवनों में पढने को मजबूर थे। ठीक इसी तरह बालाघाट जिले के लांजी विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम चुरली में बच्चे जर्जर विद्यालय भवन को छोड़कर कुछ दिनों से स्कूल के सामने ही शीतला मंदिर में अपनी पढ़ाई करने के लिये मजबूर हैं। जानकारी अनुसार शासकीय प्राथमिक शाला चुरली में कक्षा पहली से पांचवी तक की कक्षाएं संचालित की जाती है जिसमें कुल 38 बच्चे अध्यनरत है जिन्हें दो शिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य कराया जा रहा है। परंतु ग्रामीणों का आरोप है की शासकीय प्राथमिक शाला चुरली में पदस्थ शिक्षक राजकुमार मड़ामे द्वारा स्कूल भवन की मरम्मत के लिये प्राप्त राशि की अफरा तफरी की जाती है और प्रति वर्ष शासन से मिलने वाली राशि से स्कूल का कोई कार्य नहीं कराया जाता। जिसका खामियाजा आज बच्चों को स्कूल छोड़कर मंदिर में पढ़ाई करके भुगतना पड़ रहा है।





**शिक्षा के लिए जान को रखते हैं ताक परः** ग्राम चुरली ही नहीं क्षेत्र के अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों की हालत भी ठीक नहीं है। यहां पर कई स्कूल भवन जर्जर हैं। इन जर्जर स्कूलों में हर दिन बच्चे जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने के लिए आते हैं। ग्रामीणों का कहना है की शिक्षक राजकुमार मड़ामे यहां पर लगभग 10 वर्षों से पदस्थ हैं परंतु उनके द्वारा आज तक स्कूल भवन के जीर्णोद्धार और रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया गया। पालकों द्वारा लगातार स्कूल के संबंध में सुधार की मांग की जाती रही है परंतु शिक्षक राजकुमार मड़ामें द्वारा सरकारी कार्य है समय लगता है कहकर बात को टाल दिया जाता है। जबकि बारिश के कारण पंचायत द्वारा स्थिति को भांपते हुए स्कूल परिसर में छत में तिरपाल लगाई गई जिससे बारिश का पानी स्कूल भवन में न पहुंच सके।

**छत के अंदर का सरिया दिख रहाः** लांजी विकास खंड के अंतर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला की बिल्डिंग की हालत बहुत खस्ता है। यहां की छत पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। अंदर के सरिए भी दिख रहे हैं। पिछले दो वर्षों से बच्चों और पैरेंट्स शिकायत कर रहे हैं। पहली से 5वीं तक की क्लॉस संचालित हो रही है, जो भवन जर्जर होने के वजह से आज से तीन दिन पहले से ही बच्चों को मंदिर प्रांगण और पंचायत के एक कक्ष में बैठाकर पढ़ाया जा रहा है। स्कूल में सभी कक्षाओं के 38 बच्चों को एक साथ बिठाकर पढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। पालकों ने बताया की बारिश के कारण स्कूल की छत सीपेज मार रही है दीवारों में करंट दौड़ रहा है फिर भी जानबूझकर उन्हें जर्जर कक्ष में पढ़ाया जा रहा था।

**फंड की भारी कमीः** इस संबंध में जब लांजी विकासखंड के बीआरसी से चर्चा की गई तो उनके द्वारा शिक्षक का बचाव करते हुए कहा गया की राज्य शिक्षा केंद्र और शासन द्वारा इन जर्जर भवनों को दुरुस्त करवाने के लिए पिछले दो साल से अति आवश्यक पर्याप्त फंड जारी नहीं किया गया है। जो राशि मिलती है वह भी ऊंट के मुंह मे जीरा के समान होती है। जिससे अन्य खर्च भी बड़ी मुश्किल से निकल पाते है ऐसे में इतनी कम राशि में स्कूल की मरम्मत संभव नहीं है।

### लांजी थानांतर्गत ग्राम लाडसा का मामला, नागपुर में इलाज के दौरान हुई मौत

# युवक की संदेहास्पद मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी थानांतर्गत ग्राम लाडसा में विगत 22 जून की रात्रि लगभग 9 बजे दो युवकों पवन पिता महेश उरोड़े, केसरी पिता श्रीराम खेरे दोनो निवासी लाडसा के द्वारा रेवेंद्र पिता लोकचंद मंसूरे 35 वर्ष को जबरदस्ती अपने साथ दोपहिया वाहन में लेकर गये थे। और रात्रि में लोकचंद के परिजनों को बाजार चौक लांजी में सड़क दुर्घटना होने की जानकारी दी और सिविल अस्पताल में भर्ती किये जाने की बात ही। घटना की सूचना मिलते ही रेंवेंद्र की पत्नी सलिता लांजी पहुंची तो दोनो ही युवकों द्वारा महाराष्ट्र के गोंदिया स्थित यूनाईटेड हॉस्पिटल ले जाने की बात बताई। उसके बाद परिजनों द्वारा घटना की जानकारी लांजी थाने में दी गई थी। वहीं गोंदिया में एक सप्ताह तक भर्ती रहने के बावजूद युवक रेवेंद्र की हालत में कोई सुधार नहीं होने के कारण चिकित्सकों द्वारा नागपुर मेडिकल कॉलेज रिफर किया परंतु वहां भी लगभग 26 दिन तक युवक लोकचंद जिंदगी और मौत से जंग लड़ता रहा और अंततः 27 जुलाई को अंतिम सांस ली। जिसके बाद पीएम के पश्चात परिजन मृतक को लेकर अपने गृहग्राम पहुंचे और युवक का 29 जुलाई को मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया।



**बार-बार अपना बयान बदल रहे संदिग्ध युवकः** इस संबंध में मृतक युवक रेवेंद्र की पत्नी श्रीमती सलिता मंसूरे ने बताया की मेरे द्वारा बार-बार दोनो युवकों पवन उरोड़े और केसरी खेरे से पति के बारे में पूछने पर बार-बार बात बदलकर बताई जा रही थी। उन्होने दोनो युवकों पर अपने पति को मारपीट कर साक्ष्य छिपाने की नीयत से अस्पताल ले जाया गया जिससे वह बचा जा सके। वहीं पुलिस थाने में शिकायत करने के बावजूद दोनो युवकों से पूछताछ भी नहीं की गई। जिससे मेरे पति के हत्यारे दोनो युवक आराम से घूम रहे हैं। वहीं लांजी पुलिस द्वारा अभी भी जांच की बात कह रही है जिससे मुझे न्याय मिलने की आस धुंधली नजर आ रही है। महिला ने रोते हुए बताया की वर्तमान में घर की हालत ऐसी है की चार लोगों के खाने के लिये घर में अनाज तक नहीं है जिससे पति के मरणोपरांत होने वाले कार्यक्रम के खर्च किस तरह होगा यह सोचकर ही रोना आता है।

इस मामले में मृतक रेवेंद्र मंसूरे को दोनो युवक पवन उरोड़े और केसरी खेरे द्वारा जबरन अपनी मोटर सायकल में बिठाकर ले जाया जा रहा है यह बात फूलचंद मंसूरे नामक व्यक्ति की लाडसा में स्थित स्वल्पाहार की दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज से साफ समझ आ रहा है। परिजनों ने कहा की इतना सबकुछ होने के बावजूद पुलिस द्वारा पवन और केसरी के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

# एक ही रात में 4 चोरी करने वाला शातिर चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे

**सिवनी में अपराध की दुनिया का एक जाना-पहचाना चेहरा, अफरोज उर्फ 'बिजली' एक बार फिर पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। महज 20 साल की उम्र में चार नकबजनी के मामलों में जेल जा चुका अफरोज इस बार एक ही रात में चार वारदातों को अंजाम देकर इलाके में दहशत फैलाने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस की चौकस निगाहें और तगड़ी रणनीति ने उसका खेल बिगाड़ दिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

दिनांक 26 जुलाई से 28 जुलाई 2025 तक सिवनी शहर में चोरी की 5 बड़ी घटनाएं सामने आईं, जिनमें किराना दुकान, गोदाम, स्कूटी, नकदी और सोने-चांदी के जेवरात शामिल थे। पुलिस जब इन वारदातों की तफ्तीश में जुटी, तो सभी मामलों में एक ही तरीके और अंदाज से काम करने का अंदेशा मिला।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 26/03/2025 को प्रार्थी संतोष अग्रवाल निवासी तिलक वार्ड सिवनी द्वारा इसकी बाबा ट्रेडर्स के नाम की किराना की थोक एवं चिल्लर बिक्री की दुकान से दिनांक 25 मार्च की रात्रि में किसी अज्ञात नकाबपोस व्यक्ति द्वारा दुकान के दुकान का ताला तोड़कर दुकान के केश काउन्टर के ड्राज से 70000/- रुपये चोरी कर लेने की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द अपराध क्रमांक 220/2025 धारा 331(4), 305 (a) बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार दिनांक 27/07/2025 को प्रार्थी गजेन्द्र गोखे निवासी खटीक मोहल्ला आजाद वार्ड सिवनी द्वारा इसके घर के नीचे स्थित गोदाम से गोदाम का ताला तोड़कर गोदाम में रखी स्कूटी सुजूकी एक्सेस क्रमांक MP22SB0391 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 644/2025 धारा 331(4), 305 (a) बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।

दिनांक 27/07/2025 को प्रार्थी रवि कुमार केवट निवासी केवटी मोहल्ला सिवनी द्वारा इसके केवटी मोहल्ला सिवनी स्थित घर का ताला तोड़कर पेटी आलमारी में रखे जेवरात एवं नकदी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 645/2025 धारा 331 (4), 305 (a) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया हैं। दिनांक 27/07/2025 को प्रार्थी अंशुल बैश निवासी गोंड़ी मोहल्ला गांधी वार्ड सिवनी द्वारा इसके घर का ताला तोड़कर आलमारी में रखे जेवरात एवं नकदी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 646/2025 धारा 331(4),305(a) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया हैं। दिनांक 28/07/2025 को प्रार्थी संतोष सोनी निवासी महावीर वार्ड सिवनी द्वारा इसके घर का ताला तोडकर आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात कीमती 50000/- को घटना दिनांक को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 648/2025 धारा 331 (4), 305 (a) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया हैं।

सीसीटीवी फुटेज बना सबसे बड़ा हथियार

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की गंभीरता को देखते हुए एक विशेष टीम गठित की गई। सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी साक्ष्यों की मदद से एक युवक हर वारदात में संदिग्ध नजर आया। पहचान हुई — अफरोज उर्फ बिजली उर्फ मारी, पिता सलीम खान, निवासी हड्डी गोदाम, भगतसिंह वार्ड, सिवनी।

## पुलिस की शानदार कार्रवाई, शहरवासियों ने की सराहना



### सख्ती से पूछताछ में फूटा राज

पूछताछ में अफरोज ने कुबूल किया कि उसने ही इन सभी नकबजनी की वारदातों को अंजाम दिया। उसने चोरी के जेवरात पुरानी सब्जी मंडी में पीपल के पेड़ के नीचे और स्कूटी को भी पास में ही छिपाया था।

### पुलिस की शानदार कार्रवाई, शहरवासियों ने की सराहना

इस सफल खुलासे में नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूजा पांडेय, थाना प्रभारी निरीक्षक किशोर वामनकर समेत पूरी टीम की सराहनीय भूमिका रही। विशेष रूप से प्र.आर. मनोज पाल, मुकेश गोंडाने, जगदीश घोडेश्वर एवं अन्य टीम सदस्यों की सजगता और तकनीकी दक्षता ने एक बड़ा अपराधी जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया। सिवनी पुलिस की सक्रियता और तेज कार्रवाई ने यह साबित कर दिया है कि अपराध चाहे जितना भी शातिर हो, कानून की पकड़ से नहीं बच सकता। अफरोज उर्फ बिजली अब जेल में है, और शहरवासियों ने राहत की सांस ली है। ऐसे ही पुलिस-जन सहयोग से सिवनी शहर को अपराधमुक्त बनाना अब दूर की बात नहीं।



## अमरनाथ तीर्थ यात्री को नगरवासियों ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ केवलारी।

भूखे को भोजन,प्यासे को पानी,जय बाबा बर्फानी,के उदघोष के साथ, बाबा के आशीर्वाद से और उनकी कृपा से नगर के युवा समाजसेवी एवं वरिष्ठ पत्रकार मयंक तिवारी पिता रेखन लाल तिवारी निवासी केवलारी प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी पौराणिक प्रसिद्ध बाबा अमरनाथ बर्फानी बाबा के दर्शनार्थ इस वर्ष भी अपनी पूर्ण भक्ति, श्रद्धा और आस्था, विश्वास के साथ ,केवलारी क्षेत्र के क्षेत्रवासियों की,सभी की कुशलता, स्वास्थ्य,उन्नति,प्रगति की मनोकामना के साथ बाबा बर्फानी के दर्शन करने के लिए जाते हैं। इस अवसर पर केवलारी नगर के सनातन धर्म प्रेमी बंधुओ के द्वारा मयंक तिवारी को कल तीर्थ यात्रा पर जाने के लिए नगर के रेलवे स्टेशन पर भारी संख्या में लोगों ने पहुँचकर विदाई दी।इस अवसर पर डॉक्टर अविनाश तिवारी ,रफीक खान, सुधीर पांडे , मनीष तिवारी ,पवन यादव, प्रवीण दुबे अरुण चौरसिया , हर नारायण तिवारी शिक्षक ,शरद चौरसिया,श्रीमती अभिलाषा तिवारी, रवि कुमरे, चंद्रभान चंदेल,आदि ने शाल श्रीफल, राम नाम का दुपट्टा,तुलसी माला पहनाकर भेंट किया और मयंक तिवारी की तीर्थ यात्रा के लिए अपनी-अपनी शुभकामनाएं देते हुए बाबा बर्फानी का उद्घोष करते हुए विदाई दी।

## वाहन चालक से नियम उल्लंघन पर 29 हजार रुपए का अर्थदंड वसूला गया

**सिवनी में कई वाहन चालक नियमों की अवहेलना कर वाहन चला रहे हैं। इससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है और शासन को भी आर्थिक नुकसान हो रहा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देश पर परिवहन विभाग ने धूमा-सिवनी मार्ग पर अभियान चलाया। इस दौरान 15 वाहनों की जांच की गई और नियम उल्लंघन पर कुल 29 हजार रुपए का अर्थदंड वसूला गया। अतिरिक्त परिवहन अधिकारी देवेश बाथम ने बताया कि कार्रवाई में कई वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। वाहन क्रमांक एमपी 22 जेड एफ 1912 पर ओवरलोड के कारण 4 हजार रुपये का जुर्माना लगा। एमपी 28 ए 0085 पर बिना बीमा और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने के कारण 5 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। एमपी 19 टी 4610 पर बिना बीमा, बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट और बिना फिटनेस के चलने पर 10 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। इसी तरह एमपी 70 टी 0212 पर बिना बीमा और बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के चलने पर 10 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया गया। परिवहन विभाग ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करते हुए वाहनों का संचालन करें।

## विधायक दिनेश राय मुनमुन ने मंगल कामनाओं के साथ किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



मां बैनगंगा के उदगम स्थल मुंडारा धाम से निकाली गयी बम-बम भोले कांवड़ यात्रा का गुरु रत्नेश्वर धाम मंदिर दिघौरी मे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी सहित शिवभक्तों के द्वारा हर-हर महादेव के गुंजायमान नारों के साथ भगवान भोलेनाथ का श्रद्धा पूर्वक विधि विधान से जलाभिषेक, पूजन कर समापन किया गया। ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर पूज्यपाद जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के आशीर्वाद से प्रतिवर्ष भगवान भोलेनाथ के प्रिय श्रावण मास पर मां बैनगंगा के उदगम स्थल मुंडारा धाम से निकाली जाने वाली शिवभक्तों की दो दिवसीय कांवड़ यात्रा का आज गुरु रत्नेश्वर धाम दिघौरी मे विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी, सुपुत्र श्री श्रेष्ठ कान्हा राय सहित कांवड़ियों द्वारा श्रद्धा पूर्वक विधि विधान से जलाभिषेक, पूजन कर समापन किया गया। कांवड यात्रा के द्वितीय दिवस आज 28 जुलाई 2025 पावन श्रावण सोमवार को प्रातः विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन जी ने शिव भक्त कांवड़ियों के साथ मंदिर मे माता रानी के दर्शन व पूजन के पश्चात धर्म और आस्था की कांवड यात्रा प्रारंभ कर ग्राम करहैया, जैतपुर, खैरी, भाटीवाडा, मुंगवानी, सापापार, चौड़ा होते हुए प्रातः 11:30 बजे गुरुरत्नेश्वर धाम दिघौरी पहुंचे। जहां पर श्री राय द्वारा सभी के सुख, शांति, समृद्धि एवं क्षेत्र के विकास की मंगल कामनाओं के साथ कांवड़ मे भरकर लाये गये मां बैनगंगा के पवित्र निर्मल जल से मंदिर में विराजमान भगवान भोलेनाथ के विश्व प्रसिद्ध पारदर्शी स्फटिक शिवलिंग का विद्वानों के मुखारविंद से प्रवाहित मंत्रोच्चार के साथ जलाभिषेक व पूजन किया गया।

## स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय लखनादौन में विजय दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लखनादौन।

शासन के निर्देशानुसार स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय लखनादौन में सोमवार को कारगिल विजय दिवस का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. अजय वघेल एवं डॉ. अजय सिंह कुसरे द्वारा भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। छात्राओं ने स्वागत गीत एवं देशभक्ति गीतों की मधुर प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।




कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. अर्चना प्रसाद, डॉ. अजय सिंह कुसरे, श्री शमीम कुरैशी एवं श्री शिवरात बघेल ने कारगिल युद्ध के ऐतिहासिक पहलुओं, युद्ध के कारणों, संचालन के तरीकों तथा इसके दूरगामी प्रभावों पर विस्तृत विचार साझा किए। वक्ताओं ने सैनिकों के शौर्य और बलिदान को नमन करते हुए युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डॉ. अजय बघेल ने कारगिल युद्ध की घटनाओं का क्रमवार वर्णन करते हुए विद्यार्थियों को इस दिवस के महत्व से परिचित कराया। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारत की सैन्य शक्ति, साहस और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम में सुधाकर खेडलेकर, रीतेश सैन, डॉ. प्रदीप डेहरिया, राजकुमार साहू, प्रमोद बागरे, कु. आकांक्षा दुबे, श्रीमती अस्मिता श्रीवास्तव, श्रीमती प्रियंका तिवारी, श्रीमती नूरी फिरदोस, श्रीमती रूपाली जैन, कु. उजमा हुसैन, श्री अंबालिका डेहरिया, कु. अर्चना झारिया एवं अतुल सोनी सहित महाविद्यालय के कई प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन रा.से.यो. प्रभारी शशिकेश संकोलिया द्वारा किया गया। आयोजन की सफलता के लिए महाविद्यालय परिवार ने एकजुट प्रयास किए।

## प्राथमिक शाला भवन जर्जर ग्राम पंचायत भवन में लग रही है कक्षायें?

**केवलारी।** जिले की अंतिम सीमा मंडला बॉर्डर में स्थित ग्राम ग्वारी में शिक्षा के नाम पर प्राथमिक शाला संचालित है।पक्की बिल्डिंग के स्लेप में जगह-जगह तिडकन ओर प्लास्टर गिरने लगा है ,कक्षा पहली से लेकर पांचवी तक संचालित भवन की जर्जर स्थिति के चलते वर्तमान समय मे कक्षाए ग्राम पंचायत भवन के अतिरिक्त कक्ष में लग रही है ,ग्राम के पंच एवं पूर्व उपसरपंच नरेश परते ने बताया है कि ग्राम पंचायत भवन के अतिरिक्त कक्ष में प्राथमिक शालाए की कक्षा लग रही है शिक्षक बिलाल कुरेशी ने विभागीय अधिकारियों की पूरी जानकारी पिछले सत्र से दी हुयी है लेकिन अभी तक ना तो मेंटानेंस हुआ ना ही कोई राशि स्वीकृत हुयी, सरकार शासकीय स्कूलों के शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए व्यापक अभियान चलाई हुई है नवीन शिक्षण प्रणाली के अंतर्गत शिक्षा का स्तर सुधारने के लिए सांदीपनि विद्यालय तो कहीं पीएम श्री स्कूल की अवधारणा को जमीन मे लाने कि योजना पर काम कर रही है, लेकिन कई भवनो की स्थिति जर्जर है तो कहीं बैठने के संसाधन नहीं है ।श्रीमती संस्कृति जैन कलेक्टर के द्वारा विशेष अभियान के माध्यम से डेक्स बेंच कार्यक्रम चलाया हुआ है, लेकिन कब तक ऐसी स्थिति में बच्चे शिक्षा अध्ययन करेंगे।






## श्री नर्वदेश्वर मंदिर मोतीघाट तृतीय सोमवार को विशेष पूजन और जल अभिषेक किया गया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** श्री नर्वदेश्वर मंदिर मोतीघाट सिवनी में तृतीय सोमवार को विशेष पूजन और जल अभिषेक किया गया सावन मास के पावन अवसर पर श्री नर्वदेश्वर मंदिर, मोतीघाट सिवनी में भक्तों द्वारा तृतीय सोमवार को विशेष पूजन-अर्चन और जल अभिषेक का आयोजन किया श्रद्धालु प्रातःकाल से ही मंदिर में जुटते हैं और हर हर महादेव के जयघोष के साथ भगवान शिव का अभिषेक कर रहे हैं। पूजा-पाठ के साथ-साथ रुद्राभिषेक, आरती और भजन-कीर्तन का भी आयोजन हो रहा है, जिससे मंदिर परिसर भक्ति भावना से सराबोर हो उठा है। श्रद्धालुओं की आस्था और उमंग से पूरे क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना हुआ है। मंदिर समिति द्वारा भक्तों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्थाएँ भी की गई हैं। समिति ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है की अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ कमाए।



## जर्जर हालत में रुमाल डेम का गेट प्लेटफॉर्म, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा



सोनखार। उगली। सिवनी जिले के ग्रामीण अंचल में स्थित रुमाल डेम का गेट प्लेटफॉर्म आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। भ्रमण के दौरान यह सामने आया कि डेम के गेट के पास की सीमेंटेड और पत्थर की संरचना पूरी तरह से दरारों से भरी हुई, जर्जर, और खतरनाक हो चुकी है। जगह-जगह गहरे क्रैक्स हैं, जिनसे यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि यदि जल्द ही मरम्मत नहीं की गई, तो यह प्लेटफॉर्म कभी भी गिर सकता है। यह न सिर्फ जल प्रबंधन प्रणाली को प्रभावित करेगा, बल्कि कर्मचारियों और ग्रामीणों की जान को भी खतरा उत्पन्न हो सकता है। डेम के गेट के चारों ओर लगी लोहे की रैलिंग पूरी तरह से जंग खा चुकी है। कई जगह से यह रैलिंग टूटी हुई है, जिससे कोई भी व्यक्ति जरा सी असावधानी में सीधे जल में गिर सकता है।

जगह-जगह गहरे क्रैक्स हैं, जल्द ही मरम्मत नहीं की गई, तो यह प्लेटफॉर्म कभी भी गिर सकता है।

### गेट प्लेटफॉर्म का निरीक्षण और मरम्मत करवाई जाए

तत्काल इंजीनियरिंग टीम भेजकर गेट प्लेटफॉर्म का निरीक्षण और मरम्मत करवाई जाए। सुरक्षा के लिहाज से नई रैलिंग और चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं। डेम की समग्र स्थिति का सुरक्षा ऑडिट कराया जाए। अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो यह डेम किसी दिन जानलेवा हादसे का कारण बन सकता है। जबकि यह विधानसभा कद्दावर नेता स्वर्गीय ठा. हरवंश सिंह का क्षेत्र है जहा से वर्तमान मे उनके पुत्र रजनीश ठाकुर विधायक है क्षेत्रीय जनो की अपेक्षा है वे भी इस और अपना ध्यान देकर माननीय कलेक्टर महोदय को अवगत कराये। जिससे की मरम्मत हो सके ।

## अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के अवसर पर जागरुकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को बताया गया बाघ का महत्व

**सिवनी।** पेंच टाइगर रिजर्व के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस के बारे में जागरुकता अभियान के अंतर्गत जिला सिवनी एवं छिंदवाड़ा के विद्यालयों से संपर्क किया गया। दिनांक 21.07.25 से दिनांक 28.07.25 तक विभिन्न विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। जागरूकता कार्यक्रम अंतर्गत 57 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में आयोजित प्रस्तुतीकरण में 4660 छात्र एवं 4448 छात्राएं (कुल 9108 विद्यार्थी) उपस्थित रहे। प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विद्यार्थियों को बाघ के महत्व, उसके संबंध में फैले गलत मिथक तथ्य एवं उसके संरक्षण में किया जा रहे कार्यों के बारे में बताया गया। पेंच टाइगर रिजर्व में किए जा रहे नवाचार जैसे सयाने मोगली की साइकिलर, बाघ चौपाल, मोगली गार्डन, बाघ रक्षा सूत्र एवं बाघदेव कार्यक्रमर इत्यादि के बारे में वीडियो के माध्यम से जानकारी प्रदान की गई।



## दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे पानी भरे गड्ढे

# फिर उखड़ गया डामर, बस स्टैण्ड में हुए बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे

**सिवनी।** दो माह पूर्व जिला कलेक्टर के आदेश से बस स्टैण्ड मार्ग में डामरीकरण किया गया था। लेकिन चंद दिन बाद ही यह डामर उखड़ गया और सड़क में जानलेवा गड्ढे हो गये हैं। वर्षा का पानी इन गड्ढो में भर रहा है जिस कारण आये दिन टू व्हीलकर वाहन सवार गड्ढों में गिर रहे है। यदि वर्षा में डामरीकरण नहीं करा सकते तो डस्ट मुरम से ही उन गड्ढो को भरा जा सकता है।

7 वार्डो की हालत भी दयनीय



अनेक वार्डों में सड़के कीचड़ व गड्ढो में तबदील हो चुकी है आधी बरसात खत्म होने को है लेकिन अभी तक अनेक वार्डों में डस्ट मुरम पार्षदों के अनेक निवेदन के बाद भी नही डाली गई है। भगतसिंह वार्ड, संजय वार्ड, विवेकानंद वार्ड सहित लगभग सभी वार्डों के बुरे हाल है। भगतसिंह वार्ड में तो कीचड़ के कारण बच्चे स्कूल तक नहीं जा पा रहे हैं। इससे लोगों का गुस्सा वार्ड पार्षद सहित नगर पालिका के जिम्मेदारों पर फूट रहा है। शहीद वार्ड पार्षद जोएब जकी अनवर खान ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि बस स्टेंड सोहाने पेट्रोल पम्प के सामने पुलिया का कार्य पूर्व में नगरपालिका ने नहीं किया, उस पुलिया का निर्माण आर.ई. एस विभाग द्वारा किया गया था उक्त पुलिया के उपर डामरीकरण का कार्य ठीक ढंग से नहीं किया गया। यही कारण है कि पुलिया से आसपास बार बार बड़े-बड़े गड्ढे हो जाते है जिससे की भारी वाहनों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## ओबीसी भागीदारी न्याय सम्मेलन में सिवनी जिले के कांग्रेसियों ने भाग लिया

ओबीसी लीडरशिप भागीदारी न्याय सम्मेलन विगत 25 जुलाई को नई दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में संपन्न हुआ। इस ओबीसी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेस के नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी ने कहा कि मैं विगत 21 वर्षों से राजनीतिक क्षेत्र में सक्रिय हूं परंतु जिस तरह से मैने दलित भाइयों आदिवासी भाइयों एवं अल्पसंख्यक भाइयों का महिलाओं के मुद्दे को उठाया उनके लिए लड़ा। इसके साथ साथ किसान भाइयों एवं मनरेगा मजदूर साथियों के मुद्दे को उठाया मैंने उस तरह से अभी तक पिछड़ा वर्ग के भाइयों के मुद्दे को नहीं उठा पाया था। आगे बोलते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मैं पिछड़ा वर्ग के भाइयों को उनका वास्तविक अधिकार दिला कर रहूंगा। उनके लिए हर लड़ाई लड़ी जाएगी। जाति जनगणना का मुद्दा हमने इसी दिशा में जोरदार तरीके से संसद में उठाया था। नतीजा सरकार को जाति जनगणना की घोषणा करनी पड़ी। जबकि पूर्व में सरकार जाति जनगणना से इनकार कर चुकी थी। ओबीसी भागीदारी न्याय सम्मेलन को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कर्नाटक के मुख्यमंत्री श्री सिद्धारमैया छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत एवं पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जय हिंद ने संबोधित किया।

**आम सूचना**

पंजाब नेशनल बैंक धूमा , मैं शिवशक्त ट्रेडिंग प्रो श्री रामचरण शिवहरे पिता स्व.श्री शिवप्रसाद शिवहरे निवासी ग्राम धूमा जिला सिवनी,श्री रामचरण शिवहरे की निजी भूमि जो कि ग्राम बरबटी प.ह.न. 14 में खसरा क्रमांक 92/4 एवं 92/5 रकबा क्रमश: 0.16 और 0.54 हेक्टेयर है। हम इस भूमि को बंधक कर लोन दे रहे है। इस भूमि को श्री रामचरण जी ने चमरू पिता लच्छी मेहरा निवासी बरबटी धूमा जिला सिवनी से दिनांक 23/07/2010 को खरीदा था और चमरू ने बसंत पिता भैयालाल यादव एवं मूलचंद पिता भैयालाल यादव से दिनांक 09/03/1994 को खरीदा था लेकिन रामचरण जी के द्वारा जिसकी मूल प्रति कही खो गई है। लगातार ढूंढने पर रजिस्ट्री अभी तक नहीं मिली है अत: आम जानता को इस उक्त संपति की रजिस्ट्री गुम हो जाने बाबद सूचित किया जा रहा है और किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो वे शाखा आज से 15 दिन के पहले संपर्क करे सूचित करे।

29.07.2025 धूमा सिवनी

भवदीय

शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक
धूमा सिवनी म.प्र. 480888

## न्यायालय का आदेश लेकर ग्राम प्रधान पहुंचे कलेक्टर की जनसुनवाई में

# पंचायत की आबादी भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा किराये पर देकर संचालित हैं शराब दुकान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

औद्योगिक नगरी ग्राम गर्रा में पंचायत की आबादी भूमि पर शराब दुकान संचलित होने के मामले को लेकर ग्राम पंचायत गर्रा के द्वारा 3 वर्ष पूर्व से लगातार प्रशासन के समक्ष याचिका लगाई जा रही थी पर सुनवाई न होने पर लेनी पड़ी उच्च न्यायालय की शरण संचलित दुकान एवं असामाजिक तत्वों से आबादी भूमि खाली कर पंचायत की भूमि ग्राम पंचायत को जनहित हेतु सौंपी जाये।

मिली जानकारी अनुसार शराब ठेकेदार ने गोयल परिवार से संतोषी स्वरूपलाल गोयल से अनुबंध स्वरूप किराये में ले रखी हैं। ग्राम पंचायत का कहना हैं कि उक्त भूमि आबादी खसरा नं. 419 की हैं, तथा उसी के बाजू में एक अपराधिक प्रवृत्ति के सजायाप्ता व्यक्ति ने भव्य भवन तैयार किया हुआ हैं तथा अपना मालिकाना अधिकार बताता आ रहा हैं। उक्त भूमि को भी ग्राम पंचायत शासकीय भूमि बता रही हैं। पूरे मामले को लेकर उच्च न्यायालय जबलपुर में बालाघाट जिला प्रशासन को सरपंच द्वारा उच्च न्यायालय के आदेश की सत्यापित प्रति एवं ज्ञापन दिये जाने से 90 दिन के अंदर न्याय संगत कार्यवाही करते हुए ग्राम प्रधान गर्रा को अवगत कराने के लिए कहा हैं। बीते कल ग्राम प्रधान वैभवसिंह बिसेन तथा समस्त पंचगण मामले को लेकर कलेक्टर की जनसुनवाई में पहुंचे, वैभवसिंह बिसेन ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि हमारे द्वारा जिला प्रशासन को न्यायालय का आदेश की सत्य प्रतिलिपि एवं ज्ञापन दे दिया गया हैं और आज दिनांक से 90 दिवस के भीतर मतलब 30 अक्टूबर 2025 के पूर्व माननीय कलेक्टर महोदय द्वारा ग्राम पंचायत गर्रा द्वारा आज दिनांक तक जनता के हित में पारित प्रस्तावों के आधार पर आबादी भूमि में किए गए अतिक्रमणों के संबंध में कार्यवाही किया जाना हैं।



मिली जानकारी अनुसार गोयल दम्पत्ति शासकीय सेवा में थे, अब सेवानिवृत्त हो चुके हैं। वारासिवनी रोड़ पर संचलित शराब दुकान को अन्यत्र स्थानांतरित करने को लेकर लगभग एक सैकड़ा ग्रामीणजन एंव समस्त पंचगण और सरपंच गोयल परिवार से उच्च न्यायालय के पूर्व निवेदन करने गया था कि आप उक्त शराब दुकान का अवैध संचालन बंद करावें और ग्राम हित में अपना सहयोग प्रदान करें परन्तु उल्टा गोयल दम्पत्ति द्वारा 2 लाख रूपये की मांग सभी के समक्ष की गई थी, जिसका वीडियों भी वायरल हुआ।

ज्ञात हो कि उक्त गोयल दम्पत्ति को उनके पड़ोसी एवं आबादी के भूमि के अतिक्रमणकारी सजायाप्ता व्यक्ति का समर्थन प्राप्त होता हैं। इस वजह से उन लोगों के हौंसले अतिक्रमणकारी होते हुए भी बुलंद हैं। ज्ञात हो कि 15 अगस्त 2022 से लेकर उच्च न्यायालय के शरण में जाने के पूर्व तक ग्राम पंचायत द्वारा विधिसम्मत तरीके से 5 बार प्रस्तावित कर राज्य शासन, जिला प्रशासन एवं संबंधित समस्त अधिकारीगणों को अतिक्रमकारियों एवं शराब दुकान को आबादी भूमि में न चलाये जाए। इसकी शिकायत की जा चुकी थी, परन्तु जब बार-बार शिकायत होने पर भी संज्ञान नहीं लिया गया, तब 24 जनवरी 2025 को ग्राम के समस्त जनता एंव पंचगणों के द्वारा प्रस्ताव पारित कर उच्च न्यायालय की शरण में जाने का निर्णय लिया गया न्यायालयीन याचिका के पूर्व 27 फरवरी 2025 को पूर्व में की गई समस्त शिकायतों एवं पारित प्रस्तावों को संलग्न करते हुए माननीय कलेक्टर बालाघाट को अंतिम बार आवेदन दिया गया था और उक्त आवेदन में सुनवाई न होने पर माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर में रीट पीठीसन क्रमांक 24516/2025 दायर की गई और उसमें पूर्व में चले केसो का हवाला देते हुए बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा आदेशित रीट पीठीसन क्रमांक 7865/2021 ग्राम पंचायत धुमा विरूद्ध मध्यप्रदेश सरकार एवं रीट पीठीसन क्रमांक 8517/2021 राघवेन्द्र प्रताप सिंह विरूद्ध मध्यप्रदेश सरकार इन दोनो पीठीसनो को सम्मिलित करते हुए दिए गए आदेश दिनांक 09/06/2021 में चीफ जस्टिस द्वारा स्पष्ट किया गया हैं कि हर जिले में अतिक्रमणों को रोकने के लिए PLPC (पब्लिक लेंड प्रोटेक्सन सेल) का गठन हो और जिसके अध्यक्ष जिले के कलेक्टर रहेंगे और तहसीलदार उसके मेंबर सेक्रेटरी होंगे और उक्त PLPC का कार्य ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे अतिक्रमणों में कठोरतम अंकुश लगाना होगा। उक्त ग्राम पंचायत गर्रा द्वारा लगाई गई रीट पीठीसन 24516/2025 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा स्पष्ट आदेश किया गया हैं कि सरपंच ग्राम पंचायत गर्रा द्वारा की गई 27/02/2025 की शिकायत को आज दिनांक से लेकर 90 दिवस के अंदर निराकृत कर ग्राम पंचायत को विधिवत सूचित करें।

### इनका कहना हैं

सौंपा गया ज्ञापन न्याय संगत एवं ग्रामहित में हैं जिसमें पूर्व से ही और भविष्य में भी होने वाली कानूनन प्रक्रियाओं में हम ग्राम पंचायत सरपंच के साथ हैं, प्रशासन पारदर्शी कार्यवाही करें।

**वार्डपंच श्रीमती रीना भालाधरे, संतोष डहरवाल, श्रीमती जुबेदा शाह, सुरेन्द्र यादव, महेन्द्र परिहार, श्रीमती ठाकरे, सोमेश्वर ठाकरे, महेश केकतीकर, राजू पांचे(उपसरपंच)**

माननीय उच्च न्यायालय द्वारा आदेशित समयावधि 30 अक्टूबर 2025 को पूर्ण हो रही हैं, हमारे द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में अगर प्रशासन नियमानुसार कार्यवाही कर अतिक्रमणकारियों एवं अवैध संचालित मदिरा दुकान को नहीं हटाता हैं तो 91वें दिन हम कंटेम्प्ट पीठीसन में पुनः माननीय उच्च न्यायालय की शरण लेंगे या माननीय सर्वोच्च न्यायालय दिल्ली की शरण लेंगे जिसमें सम्पूर्ण ग्राम पंचायत की जनता एवं समस्त पंचगण हमारे साथ हैं।

**वैभवसिंह बिसेन, सरपंच ग्राम पंचायत गर्रा**

## स्थानांतरण से गढ़ी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा हुई प्रभावित



### गढ़ी सरपंच ने स्वास्थ्य कर्मियों की कमी को लेकर एसडीएम बैहर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज गढ़ी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गढ़ी में इन दिनों चिकित्सक सहित कर्मचारियों की कमी बनी हुई हैं क्योंकि हाल ही में हुए मध्यप्रदेश सरकार की स्थानांतरण नीति के तहत जिले के आदिवासी क्षेत्र में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मियों के स्थानांतरण के कारण आदिवासी क्षेत्र स्वास्थ्य सेवा से सर्वाधिक प्रभावित हुई है वहीं बैहर क्षेत्र तथा गढ़ी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर गढ़ी सरपंच रोशनी मेरावी ने एसडीएम बैहर अर्पित गुप्ता से मुलाकात कर समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इसके साथ ही समस्याओं को लेकर जिला स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ बालाघाट, ब्लाक मेडीकल ऑफिसर बैहर, जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र कं. 22 को भी पत्र दिया गया हैं। जानकारी अनुसार, स्वास्थ्य कर्मियों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए ज्ञापन के माध्यम से बताया कि गढी क्षेत्र जिला मुख्यालय बालाघाट से 100 किलोमीटर दूर है, कई ग्राम 135-145 किलोमीटर दूरी पर बसे हुए है। ग्राम गढ़ी में एकमात्र प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र है। जिसमें अधिकारी, कर्मचारीयों का नितांत अभाव है। वर्तमान में हुए स्थानान्तरण के कारण व्यवस्था और गंभीर हो गई है। जिला प्रशासन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गढ़ी जिला भर में सर्वाधिक प्रसव कराने वाला भी केन्द्र है। क्षेत्र की आबादी व निवासरत लोगों की संख्यात्मक दृष्टि से स्वास्थ्य अमला काफी कम है। इस हेतु ग्राम पंचायत गढ़ी द्वारा संबंधित विभाग से सतत संवाद किया जा रहा है किन्तु निराकरण नहीं किया जा रहा है।

गढ़ी सरपंच रोशनी मेरावी ने कहा कि गढ़ी क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग में स्वास्थ्य कर्मियों का अभाव है। हुए स्थानांतरण से स्वास्थ्य कर्मियों का स्थानांतरण किया गया है पर उनके स्थान पर कोई भी नए स्वास्थ्य कर्मियों नहीं आयें हैं, उनके रिक्त पद खाली हैं। वैसे यह क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र हैं और इस वर्ष मलेरिया भी गांव में अधिक फैल रहा है, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एएनएम, स्टॉफ नर्स, कंपाउंडर, ड्रेसर, वार्ड बॉय, लेब टेक्नीशियन नहीं हैं। वर्तमान में कुकर्रा स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर गढ़ी पीएचसी को संभाल रहे है और गढ़ी स्वास्थ्य केंद्र की पोस्ट वर्तमान में खाली हैं। इन सभी समस्याओं को लेकर हमने एसडीएम बैहर से मुलाकात की और समस्या से अवगत कराया। साथ ही यही समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है।

## मुसलाधार बारिश में ओबीसी वर्ग के अधिकारों को लेकर आंदोलन में शामिल रहें परसवाड़ा विधायक मधु भगत

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

भोपाल में दिनांक 28 जुलाई को OBC वर्ग को 27 % प्रतिशत आरक्षण को दिये जाने भारतीय जनता पार्टी कि मोहन सरकार से लगातार 27% प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर के आंदोलन OBC वर्ग के लोगो द्वारा किया जा रहा है जिसमें विधायक मधु भगत ने भोपाल में गरजते हुये, कहा की भारत में संख्या के अनुपात के अनुसार OBC वर्ग को आरक्षण दिया जाना चाहिये, जितनी भी इन 10 वर्षों में सरकारी नौकरीयों में शासन द्वारा नियुक्ति प्रदाय की गई है उसकी जांच होनी चाहिए। यदि अनुपात के अनुसार सरकारी भर्ती नही हुई है, तो तत्काल भर्तीया निरस्त कर OBC वर्ग के अभ्यर्थी को 27% प्रतिशत आरक्षण के अनुसार नौकरी में उनका स्थान मिलना चाहिए, जो लोग लगातार सरकारी नौकरी के लिये प्रयास करते-करते शासन के नियम अनुसार उम्र के करीब आ चुके है, उनकी उम्र की समय सीमा बढाई जानी चाहिये। यदि सरकार हम लोगो कि मांग पुरी नही करती है तो यह लड़ाई सड़क से सदन तक निरन्तर जारी रहेगी। साथ ही बालाघाट जिले से OBC वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ लोधी, प्रदेश उपाध्यक्ष काग्रेस अनुसुचित जनजातिय कार्य विभाग नरेन्द्र मेश्राम, प्रदेश प्रवक्ता काग्रेस पार्टी महेन्द्र अमुले, किसान कांग्रेस प्रदेश सचिव अंशु अवस्थी, युवा नेता सुनील पटले, मुकेश बघेले, भागवत पारधी व जिले के ओबीसी वर्ग की जनता भी उपस्थित रही।



## श्रदालुओं ने किया संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन, भगवान से की प्रार्थना



**हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।** खैरलांजी मुख्यालय में श्रावण मास के तीसरे सोमवार को गांधी चौक के प्राचीन हनुमान मंदिर में श्रदालुओ के द्वारा संगीतमय सुन्दर पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य रूप से सभी ग्रामीणजनो ने श्रवण पान किया एवं भगवान से अच्छी बारिश की मनोकामना की गई है। साथ ही श्रदालुओ ने सबके कल्याण एंव सुख समृद्धी के लिए भगवान से प्रार्थना की ।इस दौरान राजकुमार बहेटवार ने बताया की हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान हनुमान जी के मंदिर में सुंदरकांड पाठ की श्रदालुओ के द्वारा भक्तिभाव से प्रस्तुती दि गई एंव भगवान जी की पूजा-पाठ कर सबके कल्याण के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ में मुख्य रूप से शैलू लिल्हारे, शिवचरण मसखरे, तिलोकचंद शेंडे, राजकुमार बहेटवार,किरण लोधी, धर्मेन्द्र लिल्हारे, भैयालाल लिल्हारै, गणेश मसखरे,राजकुमार नगपुरे, मनोज लिल्हारे,हुलेश शेंडे,बंसी करकाडे,पवन दमाहे, श्यामलाल कृपगये ,मधुकर पोरगडे,धनेन्द्र टेकाम सहित अन्य भक्तजन उपस्थित रहे।

## महाबोधी महाविहार बोधगया प्रबंधन की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में 5 अगस्त को होगी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



महाबोधी महाविहार बोधगया का प्रबंधन बौद्धों कानूनी तौर पर प्राप्त करने हेतु सर्वप्रथम अनागरिक धम्मपाल जी ने सन् 1895 में कलकत्ता न्यायालय में याचिका पेश की तत्कालीन समय पर अग्रेजों की हुकूमत थी आजादी का आंदोलन चल रहा था। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अनागारिक धम्मपाल जी को आश्वासन दिया कि भारत आजाद होने पर महाबोधी महाविहार बोधगया बुद्धिस्ट समुदाय को सौंपा जाएगा। सन 1947 को भारत आजाद हुआ कांग्रेसी सरकार ने बौद्धों के साथ छल कपट कर डॉ राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में एक समिति का गठन किया और उसी समिति की अनुशंसा पर बिहार सरकार ने बोधगया महाबोधी महाविहार (मंदिर) प्रबंधन एक्ट 1949 बनाए और उसमें 4गैर बुद्धिस्ट 4बुद्धिष्ट और 1पदेन अध्यक्ष कलेक्टर होगा। जिसकी वजह से महाबोधी महाविहार बोधगया का प्रबंधन पूर्ण रूप बौद्धों के हाथों में हो इस बात को मद्देनजर रख BT Act 1949 के विरुद्ध दार्जलिंग निवासी बागदी शेरिंग द्वारा सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में याचिका दायर की पिटिशन सिविल क्रमांक 41/2012 दूसरी रिट पिटिशन क्रमांक 380/2012भदंत आर्य नागार्जुन सुरई ससाईं जी ने पेश की तीसरी रिट पिटिशन अरूप ब्रह्मचारी ने पेश की। जिसकी संख्या क्रमांक 832/2013है उक्त याचिका प्रस्तुत करने के 5वर्ष पश्चात पूज्य भदंत धम्मशिखर जी (बालाघाट) ने उक्त याचिका के समर्थन पर अन्य साक्ष्यों के साथ वर्ष 2018 को इंटरवेशन पिटिशन सुप्रीम कोर्ट दिल्ली पूज्य भदंत आर्य नागार्जुन के द्वारा प्रस्तुत रिट पिटिशन के समर्थन में पेश की।महाबोधी महाविहार मुक्ति आंदोलन समिति बालाघाट के तत्वाधान में 11 मार्च 2025 को पूज्य भदंत धम्मशिखर जी बालाघाट के नेतृत्व में BTAct 1949 को रद्द करने विशाल रैली आयोजित की गई। जिसमें बालाघाट के दूर सुदूर अंचल के लोगों ने हजारों की तादात में शरीक हुए।महाबोधी महाविहार मुक्ति आंदोलन समिति बालाघाट के द्वारा 10 जुलाई 2025 से प्रारंभ अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन में सैकड़ों उपासक उपासिकाओ के साथ उपस्थित रहे देशव्यापी आंदोलन बनाने व शासन प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने 13 जूलाई से 20 जुलाई तक आमरण अनशन किए समूचे जिले के उपासक उपासिकाओ व पदाधिकारियों के विनय पूर्वक निवदेन पर पूज्य भदंत धम्मशिखर जी ने 20 जुलाई 2025 को आमरण अनशन को समाप्त किए पूज्य भदंत धम्मशिखर बालाघाट द्वारा वर्ष 2018 में सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में प्रस्तुत किए सुप्रीम कोर्ट दिल्ली पूज्य भदंत धम्मशिखर जी 29 जुलाई 2025 को अधिकृत अधिवक्ता के साथ उपस्थित होने पर महाबोधी महाविहार बोधगया प्रबंधन एक्ट 1949 की सुनवाई की तिथि 5 अगस्त 2025 को बड़ा दी गई है। बालाघाट जिला बौद्ध संघ बालाघाट के जिला अध्यक्ष अधिवक्ता संजय खोबरागड़े व जिला सचिव रवि पटले ने जानकारी देते हुए बताया की आगामी 5 अगस्त 2025 को पुनः पूज्य भदंत धम्मशिखर जी सुप्रीम कोर्ट दिल्ली में अधिकृत अधिवक्ता सहित उपस्थित होंगे।

## नवांकुर सखी द्वारा विशाल हरियाली कलश यात्रा सम्पन्न

**बालाघाट।** मप्र जन अभियान परिषद विकासखण्ड कंटगी द्वारा चयनित नवांकुर संस्था कोसुम्बा ग्राम विकास समिति द्वारा नवांकुर सखी हरित हरियाली यात्रा का कार्यक्रम ग्राम पंचायत परिसर में चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री गायत्री सारथी (मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत) विशेष अतिथी सुरेंद्र कुमार भगत (विकासखंड समन्वयक) ज्योति शैलेन्द्र सुर्यवंशी, (जनपद सदस्य) शंकरलाल डहरवाल (सरपंच) द्वारा ने भारत माता के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया गया।कार्यक्रम में विकासखण्ड समन्वयक श्री भगत द्वारा नवांकुर सखी हरियाली यात्रा योजना के उद्देश्य एवं कार्यक्रम की अवधरना से अवगत कराया गया और प्रत्येक सेक्टर स्तर पर नवांकुर सखी द्वारा 11-11 पौधे स्वैच्छिकता एवं सामुदायिकता के भाव से लगाने के लिए प्रेरित किया गया।

## ग्राम केशा में जन अभियान परिषद के द्वारा हरियाली महोत्सव का कार्यक्रम हुआ आयोजित

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला बालाघाट विकास खण्ड किरनापुरसेक्टर क्रमांक- 03 भालवा 29 जुलाई 2025 दिन मंगलवार को विकास खंड किरनापुर के ग्राम पंचायत केशा में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला समन्वयक श्री सुशील बर्मन सर जी के मार्ग दर्शन में एवं ब्लॉक समंवयक श्रीमति रूचिका बैस मैडम जी की उपस्थिति में नवांकुर सखी हरियाली महोत्सव का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम यह कार्यक्रम केशा के ग्राम पंचायत भवन में भारत माता की प्रतिमा पर पूजा अर्चना के साथ किया गया इसके बाद नवांकुर सखियों एवं प्रस्फुटन समिति के सदस्यों के द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा में नवांकुर सखी एवं ग्रामीण जन एवं ग्राम के सरपंच पंच उपस्थित रहें ।



# विधायक मधु भगत ने ध्यानाकर्षण शून्यकाल में अनेक मुद्दे उठाये

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने सोमवार से प्रारंभ हुए विधानसभा सत्र के अंतर्गत क्षेत्र एवं जिले से जुड़े अनेक मुद्दों की तरफ संबंधित विभाग का ध्यान केन्द्रित किया। ध्यानाकर्षण शून्यकाल प्रश्न क्रमांक 320 में उन्होने पूछा की लामता, चांगोटोला, हट्टा, रजेगांव नवीन आईटीआई कब प्रारंभ की जायेगी । इस पर जवाब देते हुए कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गौतम टेटवाल ने कहा कि बालाघाट जिले मे नवीन शासकीय आईटीआई प्रारंभ नहीं की गई है अपितु एसडीसी परसवाड़ा को शासकीय आईटीआई परसवाडा में उन्नयन की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं विभाग की नीति प्रत्येक विकासखंड में एक शासकीय आईटीआई खोलने की है। ग्राम चांगोटोला, लामता,रजेगांव तथा हट्टा विकासखंड बालाघाट, किरनापुर, परसवाड़ा के अंतर्गत आते है जहां पूर्व से ही शासकीय आईटीआई संचालित है। इसलिये पृथक से आईटीआई खोलने का कोई प्रावधान नहीं है।इसी तरह से उन्होने विधायक भगत ने प्रश्न क्रमांक 321 के तहत खेल एवं युवा कल्याण मंत्री से पूछा की बालाघाट जिले में विगत पांच वर्षो में किस-किस कार्य हेतु किस किस पद से कितनी कितनी राशि किस-किस तिथि को प्राप्त हुई। उक्त राशि में से किस कार्य हेतु किस किस कार्य एंजेसी को कितने राशि का भुगतान किया गया। जिस पर मंत्री ने जवाब दिया कि आपके जिले में पांच वर्षो में प्राप्त राशि मद कार्य एवं राशि का वितरण तिथिवार पुस्तकालय में रखे परिशिष्ट के प्रपत्र अ अनुसार अवलोकन करने पर आपको संपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी। खेल सामग्री क्रय हेतु जिलों का आबंटित बजट अत्यंत सीमित होता है इसे दृष्टिगोचर रखते हुए जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा पर खेल सामग्री का वितरण नहीं किया जाता।वहीं प्रश्न क्रंमाक 322 में उन्होने पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री से पूछा की जनपद पंचायत बालाघाट में वर्ष 2025-26 में बाऊंड्रीवाल व अन्य निर्माण कार्य प्रारंभ होने के पहले ही राशि आहरण कर लिया गया। इस पर मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जवाब दिया कि जनपद द्वारा अग्रिम राशि का आहरण नहीं किया गया है । बल्कि 2024-25 में शासन से प्राप्त पांचवे वित्त आयोग मद से जनपद परिसर में बाऊंड्रीवाल, टायलेट एवं लघु मूल कार्य हेतु ग्राम पंचायत को कार्य एंजेसी बनाया गया है।इसी तरह प्रश्न क्रमांक 323 में उन्होने उच्च शिक्षा मंत्री से पूछा कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा 2009 में आयोजित प्राध्यापक भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत चयनीत प्रोफेसर राजकुमार वर्मा वर्तमान में कुलगुरू रानी दुर्गावती वि. वि.जबलपुर की शैक्षिक शोध पात्रता से विज्ञापन की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2009 तक उनके उच्च गुणवत्ता वाले शोध पर स्वीकृति या प्रकाशित थे यदि हां तो उनके द्वारा कितने स्वीकृति शोध परियोजनाओं का निर्देशन व संचालन किया गया है।इसी तरह विधायक भगत ने विधानसभा प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम 267 के अधीन दिनांक 28 जुलाई को सदन की जानकारी में अनेक विषय आने की सूचना देते हुए कृषक को मिलने वाली डीएपी खाद की जानकारी मांगी है। जबकि लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग मण्प्र शासन द्वारा प्रदेश में कार्यरत नर्सिंग संवर्ग अधिकारी,कर्मचारी की वरिष्ठता सूची विभागीय वेबसाइट एवं विभागीय पोर्टल पर अपलोड नहीं करने एवं पुरानी वरियता सूची पोर्टल पर दर्शाने संबंधित जांच करने एवं संचनालय स्तर पर अधिक समय में कार्यरत बिना योग्यताधारी अधिकारी एवं कर्मचारी की पदस्थापना की जांच करने की मांग भी रखी।



## जिले में अब तक 817 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड

**बालाघाट।** चालू वर्षा सत्र के दौरान बालाघाट जिले में 01 जून से 29 जुलाई 2025 तक 817 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 583 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई थी। जिले की औसत सामान्य वर्षा 1447 मिलीमीटर है। 29 जुलाई को प्रातः 08 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान जिले में 13 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है। कार्यालय अधीक्षक भू- अभिलेख से प्राप्त जानकारी के अनुसार 29 जुलाई को प्रातः 8:00 बजे समाप्त हुए 24 घंटे के दौरान बालाघाट तहसील में 17 मिलीमीटर, वारासिवनी में 10 मिलीमीटर, बैहर में 36 मिलीमीटर, लांजी में 17 मिलीमीटर, कटंगी में 00 मिलीमीटर, किरनापुर में 23 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड की गई है। इस प्रकार जिले में बीते 24 घंटे में 13 मिलीमीटर औसत वर्षा रिकार्ड की गई है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं राधेश्याम रतनलाल गजबे निवासी वार्ड नंबर 6, कारंजा, तहसील लांजी जिला बालाघाट (म.प्र.) का निवासी हूं मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम राधेश्याम गजबे (Radheshyam Gajbe) दर्ज हैं जो कि गलत हैं जबकि मेरे सभी दस्तावेजों में मेरा नाम राधेश्याम रतनलाल गजबे हैं जो कि सही व सत्य हैं अतः मेरे ड्राइविंग लाईसेंस में राधेश्याम गजबे के स्थान पर राधेश्याम रतनलाल गजबे सुधार किया जावें एवं लिखा व पढ़ा जावें।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2025-26
AGRICULTURE • B.Sc. (Hons.)Ag. • B.Tech (Agril) Engg. • M.Sc. (Ag.) ABM
PARAMEDICAL BPT | BMLT BHN | DMLT | DXRT D.Pharmacy (ayur.)
COMPUTER SCIENCE & APPLICATION BCA | MCA B.SC. | M.SC. DCA | PGDCA
COMMERCE • B.Com • M.Com
NURSING GNM | B.Sc.Nurs.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111